

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,सोमवार 8 दिसंबर 2025 ■ पौष कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष -41 ■ अंक-249 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 9 दिसंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## जमीन की गाइडलाइन पर सरकार का यू-टर्न

### दरों में बड़ा बदलाव, सरकार ने कई आदेश लिए वापस

**रायपुर,8 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में जमीन की नई गाइडलाइन दरों को लेकर लगातार उठ रही आपत्तियों के बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को कहा था कि जरूरत पड़ने पर सरकार इसमें पुनर्विचार करने के लिए तैयार है। वहीं अब सरकार ने बड़ा यू-टर्न लेते हुए केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। बैठक में हाल ही में जारी की गई बढ़ोतरी से जुड़े कई प्रावधानों को वापस ले लिया गया है। साथ ही पूरे प्रदेश में मूल्यांकन की एक एकरूप व्यवस्था लागू कर दी गई है। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड में लिए गए निर्णय-नगरीय क्षेत्र में 1400 वर्ग मीटर तक भूखंडों के इंक्रीमेंटल आधार पर गणना के प्रावधान को समाप्त करते हुए पूर्व प्रचलित उपबंध अनुसार नगर निगम क्षेत्र में 50 डिसिमल तक, नगर पालिका में 37.5 डिसिमल तक, और नगर पंचायत में 25 डिसिमल तक स्लैब दर से मूल्यांकन के प्रावधान को यथावत लागू किए जाने का निर्णय लिया गया। बहुमंजिला भवनों में फ्लैट/दुकान/कार्यालय अंतरण होने पर सुपर बिल्ट अप एरिया के आधार पर बाजार मूल्य





की गणना के प्रावधान को विलोपित किए जाने का निर्णय लिया गया. अब इनमें बिल्ट अप एरिया के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। यह प्रावधान मध्य प्रदेश के समय से चला आ रहा था और राज्य में वर्टिकल डेवलपमेंट के लिए इसकी मांग लंबे समय से आ रही थी। इससे नगर योजना में भूमि का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा।

बहुमंजिला भवन एवं कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में बेसमेंट एवं प्रथम तल पर 10% कमी, द्वितीय तल एवं उससे ऊपर के तल पर 20% कमी के साथ मूल्यांकन किया जाएगा। इससे मध्यम वर्ग को किफायती दर पर फ्लैट मिल पाएंगे।

कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में 20 मीटर पश्चात् स्थित संपत्ति के लिए भूखंड की दर में 25% कमी कर मूल्यांकन किया जाएगा। 20 मीटर दूरी की गणना कॉम्प्लेक्स के मुख्य मार्ग की ओर से निर्मित भाग से की जाएगी। । जिला मूल्यांकन समिति द्वारा गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण के प्रस्ताव केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजे जाते हैं जिनका विश्लेषण कर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड नवीन गाइडलाइन दरें जारी करता है. ज़िला मूल्यांकन समिति को यह निर्देशित करने का निर्णय लिया गया कि हाल ही में हुई दरों में वृद्धि के पश्चात् प्राप्त ज्ञापनों, आपत्तियों एवं सुझावों का परिशीलन कर 31 दिसंबर तक गाइडलाइन दरों में पुनरीक्षण के प्रस्ताव भेजें।

## कांग्रेस ने कर दिए वंदेमातरम् के टुकड़े: मोदी

**नई दिल्ली,8 दिसंबर।** लोकसभा में वंदेमातरम् के 150 साल पूरे होने पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को इसके टुकड़े करने का जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए और वंदेमातरम् का भी बंटवारा कर दिया। यह सब केवल तुष्टीकरण के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियां आज भी वैसी ही हैं और उनके साथी भी वंदेमातरम् पर विवाद खड़ा करने की कोशिश करते हैं। पीएम मोदी ने कहा, जो गीत 1905 में महात्मा गांधी को राष्ट्रगान जैसा दिखता था, सबके लिए वंदेमातरम् की ताकत बहुत बड़ी थी। इसकी भावना इतनी महान थी तो पिछली सदी में इसके साथ इतना बड़ा अन्याय क्यों हुआ। वंदेमातरम् के साथ विश्वासघात क्यों हुआ? यह अन्याय क्यों हुआ। वह कौन सी ताकत थी जिसकी इच्छा खुद पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ गई थी। जिसने वंदेमातरम् जैसी पवित्र भावना को भी विवादों में घसीट लिया। मैं समझता हूं आज जब हम वंदेमातरम् के 150 वर्षों के पूरे होने पर चर्चा कर रहे हैं तो हमें उन परिस्थितियों को भी नई पीढ़ियों को बताना हमारा दायित्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'वंदेमातरम् के साथ ही मुस्लिम लीग की राजनीति तेज हो रही थी। 15 अक्टूबर 1937 को लखनऊ से वंदेमातरम के विरोध का नारा बुलंद



किया। तब कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष पंडित नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। बजाए कि नेहरू जी मुस्लिम लीग के बयानों की निंदा करते और वंदेमातरम् के प्रति खुद की और पार्टी की निष्ठा को प्रकट करते लेकिन उलटा हुआ। उन्होंने वंदेमातरम् की ही पड़ताल शुरू कर दी। पांच दिन बाद ही नेहरू जी ने जिन्ना को चिट्ठी लिखी और कहा कि आनंद मठ वाली पृष्ठ भूमि मुसलमानों को इरिटेट कर सकती है। उन्होंने लिखा, मुझे लगता है कि इसके बैकग्राउंड से मुस्लिम भड़केंगे। इसके बाद 26 अक्टूबर से कांग्रेस की बैठक में वंदेमातरम् की समीक्षा की गई। इसके बाद कांग्रेस ने वंदेमारम् पर समझौता कर लिया और इसके टुकड़े करने का फैसला किया गया।

## संक्षेप

### 5 महीने के मासूम को बचाने हाथी से भिड़ गई मां

**सूरजपुर,8 दिसंबर।** सूरजपुर जिले में हाथियों के हमले से लगातार ग्रामीणों की मौत के मामले बढ़ते जा रहें. वह डर के साए में जीने को मजबूर हैं. ताजा मामला सोनगरा के चिकनी गांव से सामने आया है, जहां गुड़ फैक्ट्री में बहार से मजूदरी करने आए परिवार के लोग सो रहे थे. इसी दौरान अचानक हाथी पहुंच गया. "हाथी ने 5 महीने के मासूम को अपनी सूंड में उठा लिया. मां ने पूरी हिम्मत जुटाकर अपने बच्चे को हाथी से छीन लिया. हालांकि तब तक उसकी मौत हो गई थी. जानकारी के मुताबिक, हाथी को देखकर सो रहे लोग अपनी जान बचाकर भागने लगे. वहीं 5 महीने के मासूम बच्चे को हाथी अपने सूंड में उठा लिया था. मासूम की मां उसे बचाने के लिए हाथी के पास पहुच गई. उसने हाथी से बच्चे को छुड़ा भी लिया लेकिन तब तक मासूम ने दम तोड़ दिया था. घटना से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है. वहीं वन आमला की टीम मौके पर पहुंची. वहीं हाथियों के हमले से लगातार हो रही मौत से वन विभाग के खिलाफ लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है.

### बोनस अंक की मांग वाली चिकित्सकों की याचिका खारिज

**बिलासपुर,8 दिसंबर।** हाई कोर्ट ने मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत डॉक्टरों की याचिकाओं को खारिज कर दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में दी जा रही सेवा को अनुसूचित क्षेत्र सेवा नहीं माना जाएगा और इसलिए स्नातकोत्तर प्रवेश में बोनस अंक का लाभ नहीं दिया जा सकता। अलग-अलग मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत डॉक्टरों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में बताया कि वे सरकारी मेडिकल कॉलेजों में जूनियर रेजिडेंट और डेमोंस्ट्रेटर के रूप में कार्यरत हैं। ये मेडिकल कॉलेज अनुसूचित क्षेत्रों में स्थित है, इसलिए उन्हें हर वर्ष की सेवा पर 3 प्रतिशत बोनस अंक दिया जाना चाहिए। याचिका के अनुसार अधिकारियों ने उनके सेवा प्रमाण पत्र में उनकी पोस्टिंग को गैर-अनुसूचित क्षेत्र सेवा के रूप में दर्ज किया है। राज्य सरकार ने बताया कि छत्तीसगढ़ ग्रामीण चिकित्सा कोर के तहत केवल जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ही शामिल हैं, जबकि मेडिकल कॉलेज और उनके संबद्ध अस्पताल इसमें नहीं आते। मेडिकल कॉलेज इन श्रेणियों में नहीं आते, बल्कि इन्हें सामान्य श्रेणी माना गया है, इसलिए बोनस अंक देने का प्रश्न ही नहीं उठता। हाई कोर्ट ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों को पहले भी छत्तीसगढ़ ग्रामीण चिकित्सा कोर के दायरे से बाहर माना गया है। बोनस अंक की मांग वाली चिकित्सकों की याचिका को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

### बाबर का महिमा मंडन कर रहीं आईएनडीआई सहयोगी सरकारें

**नई दिल्ली,8 दिसंबर।** बंगाल के मुर्शिदाबाद स्थित बेलडांगा में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद की नींव रखे जाने पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आइएनडीआइ गठबंधन वाले राज्यों में बाबर जैसे विदेशी आक्रांता के महिमा मंडन की पैटर्न बनता दिखाई दे रहा है। पूनावाला ने कहा बंगाल के बाद अब तेलंगाना में भी कुछ ऐसा ही पैटर्न देखने को मिल सकता है, जहां मुख्यमंत्री ने वोट बैंक के लिए हिंदू आस्था और भगवान का मजाक उड़ाया है। कहा कि जवाहर लाल नेहरू भी बाबरी मस्जिद के पक्ष में और राम मंदिर के विरोध में थे।

## बीजापुर में ठेकेदार की नक्सलियों ने की हत्या

**बीजापुर, 8 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में जहां एक ओर बड़े माओवादी कैडर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बीजापुर में नक्सलियों ने एक ठेकेदार की हत्या कर फिर से दहशत फैलाने की कोशिश की है। घटनाक्रम पामेड़ थाना क्षेत्र का है, जहां नक्सलियों ने पहले जेसीबी मशीन के मुंशी का अपहरण किया और उसके बाद उसे छुड़ाने पहुंचे ठेकेदार का गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक ठेकेदार की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी इम्तियाज अली के रूप में हुई है, जो बीते लंबे समय से नारायणपुर जिले के धौड़ाई इलाके में रहकर ठेकेदारी का काम कर रहा था। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रासपल्ली से पीनाचंदा के बीच 18 किमी सड़क निर्माण का कार्य जारी था। नक्सली इस निर्माण कार्य का विरोध कर रहे थे, बावजूद इसके ठेकेदार काम कर रहा था।



नक्सलियों ने पहले जेसीबी के मुंशी का अपहरण किया। इसकी जानकारी मिलते ही इम्तियाज अली मुंशी को छुड़ाने गया, जहां नक्सलियों ने उसे भी अगवा कर लिया और रास्ते में ही उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद नक्सलियों ने मुंशी को रिहा कर दिया, जिसने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजनों द्वारा दी गई सूचना पर पामेड़ पुलिस तुरंत हरकत में आई और घटनास्थल की तलाशी शुरू की। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने पुष्टि की कि मुंशी को रिहा कर दिया गया है और उसके बयान के आधार पर संभावित लोकेशन की पहचान कर सर्च ऑपरेशन जारी है।

## सीसी मेंबर रामधेर ने 11 साथियों के साथ किया आत्मसमर्पण

**खैरागढ़,8 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ जिले में नक्सल मोर्चे पर बड़ी सफलता दर्ज करते हुए सीपीआई (माओवादी) के शीर्ष नेता और केंद्रीय समिति सदस्य रामधेर मज्जी ने अपने 11 साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया. यह सरेंडर आज सुबह गांव कुम्ही, थाना बकर कट्टा में किया गया, जहां सभी कैडरों ने हथियार नीचे रखकर पुलिस के सामने खुद को समर्पित किया. इस कदम को सुरक्षा एजेंसियां नक्सली ढांचे पर निर्णायक प्रहार मान रही हैं, क्योंकि यह पूरा समूह एमएमसी — महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़— स्पेशल जोनल कमेटी का सक्रिय हिस्सा था, जो तीन राज्यों के छह जिलों में अपनी पैठ बनाए हुए था. रामधेर मज्जी द्वारा एके--47 के साथ आत्मसमर्पण किए जाने को नक्सली संगठन की सबसे बड़ी टूट मानी जा रही है. उसके साथ डीवीसीएम रैंक के चंदू उसेंडी, ललिता, जानकी और प्रेम ने भी सरेंडर किया, जिनमें से दो के पास एके-47 और इंसास



जैसे हथियार मौजूद थे. इनके अलावा एसीएम स्तर के नक्सली रामसिंह दादा और सुकेश पोट्टम ने भी हथियार डाले, जबकि क्षेत्रीय महिला मिलिशिया की लक्ष्मी, शीला, योगिता, कविता और सागर ने पुलिस के सामने समर्पण कर दिया. समूह के पास एके-47, इंसास, एसएलआर , 303 और 30 कार्बाइन जैसे हथियार बरामद हुए हैं. इस सरेंडर ने एमएमसी स्पेशल जोन को लगभग निष्प्रभावी बना दिया है. इससे पहले एमएमसी जोन के प्रवक्ता अनंत गोंदिया में आत्मसमर्पण कर चुका था, जबकि बीते एक दिन में ही बालाघाट में सुरेंद्र सहित नौ अन्य माओवादी हथियार डाल चुके हैं. लगातार हो रही ये सरेंडर श्रृंखलाएं बताती हैं कि नक्सल संगठन की जमीनी पकड़ तेजी से कमजोर हो रही है और सुरक्षा बलों की रणनीति कारगर साबित हो रही है. सभी 12 माओवादी अब पुलिस कस्टडी में हैं और उनसे पूछताछ की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है.



## चावल से भरे ट्रक में आग

**आरंग,8 दिसंबर।** आरंग में उस समय हड़कंप मच गया जब आरंग-खरोरा मुख्य मार्ग पर चावल से भरे ट्रक में भीषण आग लग गई थी. आग लगने से ट्रक का केबिन बुरी तरह जल गया है. आग लगने के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने पास के दुर्गा भोजनालय से बाल्टी से पानी लाकर आग बुझाने की कोशिश किया, लेकिन आग लगातार फैल रही थी. जिसके बाद अंत में बजरंग केमिकल डिस्टिलरी कंपनी के फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया. आग के घटना की सूचना पर मौके पर आरंग पुलिस भी पहुंच गई थी. आग लगने से ट्रक में भरे चावल की कई बोरियां भी जल गई हैं. शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की संभावना जताई जा रही है.

## हत्या के आरोपी याह्या ढेबर की पैरोल याचिका खारिज

**बिलासपुर,8 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

हत्या के आरोपी याह्या ढेबर की पैरोल याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। याचिका उनके मां के 40वें अनुष्ठान में शामिल होने के लिए दायर की गई थी, लेकिन कोर्ट ने कहा कि अगर उसे रिहा किया गया तो लोगों में अशांति फैल सकती है और पीड़ित पक्ष में डर पैदा हो सकता है। रायपुर निवासी याह्या ढेबर को स्पेशल जज (एट्रोसिटीज), रायपुर ने 31 मई 2007 को इंडियन पीनल कोड की धाराओं 302 (हत्या), 427 (संपत्ति को नुकसान), और 120 बी (साजिश) के तहत दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा के साथ 1,000 रुपये जुर्माना लगाया। सजा मिलने के बाद 15 फरवरी 2010 तक वह सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने तक कस्टडी में रहा। इसके बाद याह्या ने निचली अदालत के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की, जिसे 4 अप्रैल 2024 को खारिज कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने उसके सरेंडर के समय को बढ़ाकर 15 अप्रैल 2024 को तीन हफ्ते कर दिया। याह्या ने 30 अप्रैल 2024 को पुलिस के सामने सरेंडर किया। याह्या ढेबर ने अपनी गंभीर रूप से बीमार मां से मिलने के लिए हाईकोर्ट में पैरोल याचिका दायर की थी, लेकिन हाईकोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका पेश की, और सुप्रीम कोर्ट ने 24 सितंबर 2025 और 7 अक्टूबर 2025 के आदेशों के तहत कुल 28 दिनों की अंतरिम बेल दी। याचिकाकर्ता ने 21 अक्टूबर 2025 को सरेंडर किया। उसके बाद याह्या ने अपनी मां के साथ रहने के लिए 14 दिनों की सामान्य लीव (पैरोल) मांगी, जिसे रिस्पॉन्डेंट अथॉरिटी ने रिजेक्ट कर दिया। याचिकाकर्ता की मां का 10 नवंबर 2025 को निधन हो गया, और सुप्रीम कोर्ट ने अंतिम संस्कार के लिए चार हफ्ते के लिए सजा पर अंतरिम रोक लगाई। इसके बाद उसने रायपुर कलेक्टर से 40वें दिन के अनुष्ठान में शामिल होने के लिए 14 दिनों की छुट्टी मांगी, जिसे 4 नवंबर 2025 को खारिज कर दिया गया। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बिभु दत्त गुरू की बेंच ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता पर दूसरों के साथ मिलकर हत्या करने का आरोप है और अगर उसे रिहा किया गया तो पब्लिक में अशांति फैल सकती है।

## 73 लाख की ठगी,दो गिरफ्तार

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**बिलासपुर,8 दिसंबर।** रेंज साइबर थाना बिलासपुर ने ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में अंतरराज्यीय साइबर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो पीएम समृद्धि योजना के नाम पर सस्ते ब्याज में लोन दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करते थे. पुलिस के अनुसार सकरी क्षेत्र के मेडिकल व्यवसायी राजेश पांडे से आरोपियों ने 50 लाख रुपए का लोन और 30 प्रतिशत छूट दिलाने का लालच दिया. 12 फरवरी 2024 से 29 सितंबर 2025 के बीच विभिन्न मोबाइल नंबरों और फर्जी नामों जैसे गिरीजेश त्रिवेदी का उपयोग कर उनसे कुल 73,23,291 रुपए की ऑनलाइन ठगी की गई. श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड, मुंबई का अधिकारी बनकर अपराधियों ने विश्वास जीतने की कोशिश की और धीरे-धीरे बड़े लेनदेन करवाए. गिरफ्तार आरोपी विकास कुमार उर्फ विक्रम सिंह (28 वर्ष) और अमन कुमार सिंह उर्फ पीयूष वार्ड 13, गढवाल कनौली, थाना महुआ, जिला वैशाली (बिहार) के निवासी हैं. पूछताछ में आरोपियों ने क कबूल किया कि वे दिल्ली में किराए के मकान में गैंग के अन्य सदस्यों के साथ साइबर ठगी का संचालन करते थे. वे फर्जी सिम कार्ड और फर्जी बैंक खाते का उपयोग कर लोगों को जाल में फंसाते थे और ठगी की रकम इन खातों में जमा कराते थे. अधिकारियों ने बैंक खातों, ट्रांजैक्शन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने में सफलता पाई. मामले में अन्य साथियों और रकम की बरामदगी के लिए पूछताछ जारी है.

## इंडिगो संकट पर 'सुप्रीम दखल' नहीं

### शीर्ष न्यायालय बोला- सरकार कदम उठा रही, हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे

**नई दिल्ली,8दिसंबर।** इंडिगो संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने दखल देने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अभी सरकार कदम उठा रही है। हम फिलहाल मामले में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। सीजेआई ने कहा कि हम समझते हैं कि लाखों लोग इस समस्या का सामना कर रहे हैं, लेकिन सरकार मामले को देख रही है। उन्हें ही इसे संभालने दें। दरअसल पिछले 7 दिन से देशभर के एयरपोर्ट्स पर इंडिगो की फ्लाइट लगातार कैंसिल हो रही है। इससे लाखों यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। इंडिगो संकट को लेकर देश के शीर्ष न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। मामले की सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि अभी सरकार कदम उठा रही है। हालत जस के तस होते तो अलग बात थी। उन्हें ही इसे संभालने दें। वहीं याचिकाकर्ता ने वकील ने कहा कि 2500 उड़ानें विलंबित हैं और 95 हवाई अड्डे प्रभावित हैं। सुप्रीम कोर्ट के




वकील नरेंद्र मिश्रा ने जनहित याचिका दायर कर पूरे संकट पर कोर्स से स्वतः संज्ञान लेने और तुरंत हस्तक्षेप की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर प्रभावित यात्रियों के लिए वैकल्पिक यात्रा और मुआवजे की मांग की गई है। कोर्ट में दायर याचिका में यात्रियों को भारी परेशानी और मानवीय संकट पैदा होने का दावा किया और इस पर त्वरित हस्तक्षेप की मांग की गई। 6 दिसंबर को याचिकाकर्ता के वकील सीजेआई सूर्यकांत के घर पहुंचे और उनसे इस मामले में तत्काल सुनवाई करने की मांग की। फ्लाइट के कैंसिल होने पर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दाखिल की गई। वकील नरेंद्र मिश्रा ने कहा कि जस्टिस सूर्यकांत ने हमारी याचिका देखी और स्टाफ को इस मामले के लिए निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि सीजेआई के स्टाफ ने ओएसडी कुंतल शर्मा पाठक का नंबर मुझे दिया है। सीजेआई की ओर से आश्वासन दिया गया था कि मामले पर जल्द सुनवाई की जाएगी। ऐसे में आज याचिका को लेकर सुनवाई होनी है। याचिका में यात्रियों को भारी परेशानी और मानवीय संकट पैदा होने की बात कही गई है।

## नए विधानसभा भवन में शीतकालीन सत्र 14 दिसंबर से

**रायपुर,8दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है, जो 17 दिसंबर तक यानी 4 दिनों तक नए विधानसभा भवन में चलेगा। शीतकालीन सत्र को लेकर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि विजन 2047 के अनुसार सरकार काम कर रही है। सरकार सत्र के लिए पूरी तरह से तैयार है। विपक्ष के सवालों के जवाब देने के लिए सरकार तैयार है। हमारी सरकार सोने वाली नहीं, काम करने वाली सरकार है। इसके अलावा उन्होंने अन्य मुद्दों पर भी बयान दिया। छत्तीसगढ़ सरकार के दो साल पूरे हो रहे हैं। इस पर कैबिनेट मंत्री वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के दो साल उपलब्धियों से भरे रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कम समय में मोदी गारंटी को पूरा किया और सभी विभागों को पर्याप्त बजट मिल रहा है। दो साल में छत्तीसगढ़ काफी बदल चुका है। एसआईआर को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि एसआईआर सभी के लिए जरूरी है, यह समाज

**सरकार विपक्ष के सवालों के लिए तैयार: टंकराम**



के हित में है। कांग्रेस के पास कोई कार्य योजना नहीं है। अपनी अस्तित्व की लड़ाई कांग्रेस लड़ रही है।

# गीता ज्ञान में बताया गया शुभ भावनाओं को जीवन का सबसे शक्तिशाली अस्त्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 दिसंबर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर-7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में आयोजित आध्यात्मिक सत्संग में कर्नाटक, हुबली से पधारी गीता ज्ञान विशेषज्ञ ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी ने शुभ भावनाओं की शक्ति, आत्म स्मृति और जीवन से नकारात्मकता त्यागने के महत्व पर गहन मंथन कराया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि श्रीमद् भगवद्गीता योग शास्त्र है, न कि युद्ध शास्त्र, इसलिए जीवन में आध्यात्मिक योग और आत्मिक जागरण को अपनाकर ही स्वर्णिम भारत और रामराज्य की स्थापना संभव है। बाहुबल से विश्व पर प्रभुत्व नहीं पाया जा सकता; वास्तविक शक्ति योग बल और आत्मबल में निहित है। वीणा दीदी ने बताया कि आत्मिक स्मृति और मनन से व्यक्ति निश्चिंत और शांतिपूर्ण जीवन जी सकता है। देह में रहते हुए 'विदेही अवस्था' और आत्म-अनुभूति का अभ्यास ही जीवन को सरल बनाता है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य देह-अभिमान में आ जाता है, तो उसे दूसरों की कमियां अधिक दिखाई देती हैं, जबकि आत्मभाव में रहने पर हम दूसरों की विशेषताओं को देख पाते हैं। मैं शांत स्वरूप, प्रकाश स्वरूप, शक्तिशाली शुद्ध आत्मा हूँ, इस स्मृति द्वारा व्यक्ति अपने भीतर की प्रबल सकारात्मक ऊर्जा को जगाता है। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि रावण ज्ञानवान, तपस्वी और शिव भक्त था, लेकिन अहंकार और घमंड ने उसे पतन के मार्ग पर धकेला। इसलिए मनुष्य को अभिमान त्याग कर कृतज्ञता और धन्यवाद भाव विकसित करना चाहिए। वीणा दीदी ने कहा कि हमारी शुभ-शुद्ध भावनाएँ हमारे शब्दों से अधिक प्रभावकारी होती हैं। जो भी सोचते हैं, वह ऊर्जा पूरे ब्रह्मांड में फैलती है–चाहे अच्छा हो, बुरा हो या व्यर्थ। इसलिए सबसे पहले अपने प्रति शुभ भावना रखना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि शुभ भावनाओं का फल सदा लाभदायक होता है और संबंधों में मधुरता लाता है। इस सृष्टि रूपी रंगमंच पर हम सभी एक-दूसरे के साथ अपना पार्ट प्ले करने आए हैं। अतः सभी के प्रति शुद्ध भाव रखकर अपना सर्वश्रेष्ठ पार्ट निभाएँ। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने आग्रह किया कि हम कंजूसी छोड़कर महादानी बनें और सर्व के प्रति शुभ भावनाओं का दान करें। मैं शुभकामनाओं से संपन्न आत्मा हूँ, इस भाव से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन अवश्य आता है।



## समाचार संक्षेप

### छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन वार्षिक कैलेंडर का विमोचन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन, 8 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई पाटन द्वारा तैयार किए गए वार्षिक कैलेंडर 2026 का आज रेस्ट हॉउस पाटन में विमोचन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों, शिक्षक संवर्ग तथा गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लवकेश ध्रुव (एस.डी.एम.) तथा विशिष्ट अतिथि योगेश निक्की भाले (नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष), डालेंद्र कुमार देवांगन विकासखंड शिक्षा अधिकारी व खेलावन चोपड़िया विकासखंड स्रोत समन्वयक रहे। मुख्य अतिथि लवकेश ध्रुव (एस. डी.एम.) ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई पाटन द्वारा प्रकाशित यह कैलेंडर न केवल शिक्षकों के लिए उपयोगी दस्तावेज है, बल्कि हमारी शैक्षणिक और सामाजिक जिम्मेदारियों का भी मजबूत माध्यम है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सिंह परिहार, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार देवांगन, संरक्षक सुनील बघेल, ब्लॉक उपाध्यक्ष खेलावन सिंह कुर्रे, सचिव राजकुमार बघेल, संयुक्त सचिव राजकुमार गुप्ता, संगठन सचिव चन्द्रशेखर साहू, प्रवक्ता उत्तम कुमार साहू, किशोर कुर्रे, चिंताराम भारद्वाज, दानेश्वर वर्मा, अंकेश्वर प्रसाद महिपाल आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जमीन रजिस्ट्री का रेट कम करने पर सरकार को विचार करना चाहिए : लक्की चंद्रवंशी









**कवर्धा, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बिजनेसमैन चंद्रशेखर चंद्रवंशी, बिजनेसमैन संजय चंद्रवंशी बिजनेसमैन संजय सलूजा ने जमीन रजिस्ट्री का रेट जो बढ़ाया गया है चिंतनीय विषय है इसकी चिंता करते हुए कहा की सरकार को रजिस्ट्री रेट कम करने पर विचार करना चाहिए। क्योंकि जमीन खरीदने वाले मध्यम वर्गीय परिवार और सभी खरीदने वाले लोगों पर महंगाई का बोझ पड़ेगा इसलिए सरकार ने बिजली बिल पर रियायत दी है उसी प्रकार रजिस्ट्री कम करने पर विचार करना चाहिए । भोरमदेव शक्कर कारखाना पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी ने कहा की सरकार को जमीन रजिस्ट्री कम करने पर विचार करना चाहिए।

### टैंकर ड्राइवर से लूट, मामला दर्ज

**दुर्ग, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बोरी थाना अंतर्गत एक टैंकर ड्राइवर से बदमाशों ने शर्ट की जेब से कीपैड मोबाइल एवं पैंट की जेब में रखे से पर्स जबर्दस्ती लूट कर भाग गए। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 126 (2), 309(4) बीएनएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। बोरी पुलिस ने बताया कि वंशराज यादव (50 साल ) ड्राइवरी काम करता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि गुजरा लखौली इंडियन आइल डिपो से टैंकर से डीजल पेट्रोल लेकर अपने हेल्पर अंकित यादव के साथ ओम शांति फ्यूल सहसपुर दल्ली खैरागढ रोड राजनांदगांव गया था। पेट्रोल पंप में डीजल पेट्रोल खाली करने के बाद वापस गुजरा लखौली जा रहा था गूगल मैप से रास्ता भटक गया और गांव के रास्ते मेन रोड आ रहा था कि रात्रि करीब 11 बजे ग्राम बिरेझर प्रवेश द्वार के पास पहुंचा ही था। ब्रेकर के कारण अपने टैंकर की गति धीमी किया। तभी रोड किनारे आग ताप रहे तीन चार लड़के दौडते हुए आये और टैंकर रूकवाये तथा धमकी देकर प्रार्थी के कालर व पैर को पकड़कर खीचने लगे

### वार्षिक संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता की संशोधित तिथियों की घोषणा

**भिलाई, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित ओपन संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 22 से 26 दिसम्बर 2025 के मध्य महात्मा गांधी कलामंदिर, सिविक सेंटर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कर्नाटक (सुगम, शास्त्रीय गायन), हिन्दुस्तानी (सुगम, शास्त्रीय गायन), लोक गायन, एकल नृत्य (भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथक, ओड़िसी), हिन्दुस्तानी वाद्य तथा ओपन आयु वर्ग समूह में नृत्य स्पर्धा का आयोजन होगा। आयु समूह को दो वर्गों में 6 से 12 वर्ष एवं 13 से 18 वर्ष में विभक्त किया गया है। कोई भी प्रतिभागी मात्र दो ही विधा में भाग ले सकते है। प्रतियोगिता हेतु प्रवेश पत्र 19 दिसम्बर 2025 तक प्रदान किये जायेंगे। इच्छक प्रतिभागी प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी एवं प्रवेश पत्र के लिये क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र, बोकारो हॉस्टल, सेक्टर-4 में कार्यालयीन समय में एवं दूरभाष क्र. 9407986308, 9407985598 पर संपर्क कर सकते है।

# कबीरधाम पुलिस ने नाबालिग से संबंधित गंभीर प्रकरण में आरोपी को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 8 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा डीएसपी आशीष शुक्ला के मार्गदर्शन में महिला थाना कवर्धा की टीम ने नाबालिग से जुड़े गंभीर प्रकरण में आरोपी जगत बांधे को गिरफ्तार किया।

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि नाबालिग पीड़िता द्वारा महिला थाना कवर्धा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसमें बताया गया कि आरोपी जगत बांधे ने बहला-फुसलाकर उसका विश्वास जीता और लंबे समय तक मानसिक तथा शारीरिक शोषण करता रहा। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

महिला थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 49/2025 के अंतर्गत संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आवश्यक साक्ष्यों का संकलन किया गया। पीड़िता और गवाहों के कथन, चिकित्सीय परीक्षण रिपोर्ट तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध अपराध सिद्ध पाया गया, जिसके बाद आरोपी जगत बांधे, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम गौरमाटी को दिनांक 06.12.2025 को विधिवत गिरफ्तार किया गया।थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक भुनेश्वरी राठौर के नेतृत्व में उप निरीक्षक, आरक्षकगण एवं महिला स्टाफ की टीम द्वारा कार्रवाई की गई। आरोपी को कानूनी प्रक्रिया के तहत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है और आवश्यक साक्ष्यों के संकलन हेतु न्यायिक अभिरक्षा की मांग की गई है।कबीरधाम पुलिस महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर सख्ती और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई कर रही है। ऐसे मामलों पर त्वरित और प्रभावी कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।



## गांजा तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ओडिशा से गांजा लाकर सप्लाई करने वाले फरार गांजा तस्कर को उतई थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कार, स्कूटी, मोबाइल और घर के पेपर को बरामद कर लिया है उतई टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि थाना उतई में दर्ज धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट प्रकरण में 16-17 अक्टूबर को आरोपियों सिद्धार्थ मेश्राम, यनशु वर्मा विजयकांत वर्मा व संजीव वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। इस प्रकरण में अन्य आरोपी सत्येंद्र कुमार उर्फसंजू बिहारी को तलाश कर रही थी पुलिस को सूचना मिली कि फरार आरोपी सत्येंद्र कुमार उर्फसंजू बिहारी जो अपने घर में आकर रह रहा है सूचना मिलते ही पुलिस टीम के आरोपी के निवास स्थान ग्राम परसदा कुम्हारी में जाकर दबिश दी। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया गया कि वह मादक पदार्थ गांजा को ओडिशा से लाता था और उसके साथी आरोपियों के मांगने पर उन्हें बिक्री किया जाता था अवैध रूप से किए गए गांजा बिक्री की रकम से कार, स्कूटी, मोबाइल खरीदना तथा घर व शेष रकम को अपने दैनिक जीवन में खर्च करना बताया प्रकरण में आरोपी सत्येंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।



## बीएकेएस यूनियन चुनाव में अमर अध्यक्ष, किशोर महासचिव निर्वाचित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 दिसम्बर।** बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ (बीएकेएस) भिलाई के आंतरिक चुनाव में अमर सिंह अध्यक्ष और किशोर कुमार साहु महासचिव पद पर विजयी रहे। चुनाव 7 दिसंबर को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर अमर सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी निरंजन कुमार को मात दी।

कुल 820 मतदाताओं में से 68 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें अमर सिंह को 67 प्रतिशत और निरंजन कुमार को 33 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। महासचिव पद पर किशोर साहु ने ओमप्रकाश मार्कोले को हराया। उन्हें 63 प्रतिशत तथा उनके प्रतिद्वंदी को 37 प्रतिशत मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर नवीन कुमार मिश्रा पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जा चुके थे। मतदान सुबह 11.30 बजे से शाम 4 बजे तक चला। दोनों प्रमुख पदों पर विजयी प्रत्याशी शुरू से लेकर अंतिम राउंड तक बढ़त बनाए रहे। चुनाव अधिकारी सुनील शर्मा सहित 5 सदस्यीय समिति की देखरेख में पूरी प्रक्रिया सम्पन्न हुई। नए निर्वाचित पदाधिकारियों के सामने प्रमुख चुनौतियां - संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और गतिविधियों को कर्मचारियों तक पहुँचाना। बीएसपी और सेल प्रबंधन की कथित कर्मचारीङ्कविरोधी नीतियों को हर मंच पर उठाना। संगठन के विरोध कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करना। बीएसपी प्रबंधन के विरुद्ध उचित मुद्दों पर न्यायालय में याचिकाएँ दायर करना। वेज रिवीजन, एरियर, इंसेंटिव, बोनस और स्थानांतरण से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष तेज करना। स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए प्रबंधन पर दबाव बनाना और आवश्यक होने पर आंदोलन को तेज करना।

आगे निर्वाचित वर्किंग कमिटी के भीतर उपाध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, उपमहासचिव, उपकोषाध्यक्ष तथा सचिव पद के लिए भी चुनाव होगा, जिसमें वर्किंग कमिटी के सदस्य ही मतदाता होंगे। पदाधिकारी सुनील शर्मा ने कहा, अब निर्वाचित पदाधिकारियों पर बड़ी जिम्मेदारी है कि वे सदस्यों के भरोसे को कायम रखें। लोकतंत्र की खूबसूरती यही है कि प्रतिनिधियों का चुनाव मतदाताओं द्वारा होता है। हमारी टीम ने निष्पक्ष चुनाव कराने का पूरा प्रयास किया और इसमें हम सफल रहे।

## वाह जिंदगी-वाह शिविर में अंतरराष्ट्रीय ट्रेनर गिरीश का आगमन

**भिलाई, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भागती-दौड़ती जिंदगी में खुशियों से भरा, तनाव-मुक्त जीवन कैसे जिया जाए और आंतरिक सशक्तिकरण के द्वारा चुनौतियों का सामना कैसे किया जाए, इन महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों पर मार्गदर्शन देने अंतरराष्ट्रीय ट्रेनर एवं मोटिवेशनल स्पीकर प्रोफेसर ई.वी. गिरीश मुंबई का प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में आगमन हो रहा है। 21 से 25 दिसंबर तक आयोजित इस पांच दिवसीय शिविर का नाम वाह जिंदगी वाह रखा गया है, जिसमें प्रो. गिरीश प्रतिदिन दो सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को संकल्प, संबंध और कर्म में मधुरता लाने की कला सिखाएंगे। शिविर का उद्देश्य प्रतिभागियों को जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, उमंग और संतुलन प्रदान करना है ताकि आगामी वर्ष 2027 खुशियों और तनाव-मुक्त जीवन की दिशा में कदम बने। प्रो. ई.वी. गिरीश पिछले 30 वर्षों से राजयोग ध्यान का अभ्यास कर रहे हैं। ईश्वर प्रदत्त बुद्धिमत्ता, आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक जीवन ज्ञान के समन्वय से वे हजारों लोगों को जीवन में सामंजस्य, संतुलन और बेहतर जीवन शैली अपनाने का प्रशिक्षण दे चुके हैं। उन्होंने देश की कई प्रतिष्ठित संस्थाओं–इसरो, नाबार्ड, भारतीय सेना (असम राइफल्स), रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा इंस्टीट्यूट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा आईआईएम में भी विशेषज्ञ व्याख्यान दिए हैं। शहर में कार्ड वितरण और प्रमुख स्थलों पर होर्डिंग्स लगाए गए हैं, जिन पर दिए गए कोड स्कैन कर आसानी से रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।



## थाने में काउंसलर सुन रहे महिला-पुरुषों की समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 दिसम्बर।** बढ़ते पारिवारिक विवादों को सुलझाने के लिए थानों में फैमिली काउंसलर की नियुक्ति हो रही है ऐसी ही पहल दुर्ग में हुई है भिलाई के सेक्टर - 6 महिला थाना में पहली बार पुरुष काउंसलर की नियुक्ति हुई है। इस पारिवारिक परामर्श केंद्र में अब महिलाओं की समस्या के साथ साथ पुरुषों की समस्याओं को सुनने का काम शुरू हुआ है।

महिला थाने में पुरुषों के लिए काउंसलर दुर्ग में उठाया गया यह कदम निश्चित तौर पर घरेलू विवाद के निपटारे में सहायक सिद्ध हो सकेगा यहां पहले महिला काउंसलर की तैनाती थी अब घरेलू और पारिवारिक विवाद के निपटारे के लिए पुरुष काउंसलर की भी नियुक्ति हुई है. इससे फैमिली डिस्प्यूट के निपटारे में तेजी आ सकेगी। महिला काउंसलर के साथ पुरुष काउंसलर की नियुक्ति से दोनों पक्षों को सुनने में आसानी हो सकेगी महिला थाने में अच्छी पहल भिलाई के सेक्टर - 6 महिला थाने में पहली बार पुरुषों के लिए विशेष काउंसलिंग की शुरुआत की गई है।


अब तक यहां केवल महिला काउंसलर ही बैठती थीं, लेकिन बढ़ते मामलों को देखते हुए आज से एक पुरुष काउंसलर की भी नियुक्ति की गई है यह पहल प्रदेश में पहली बार किसी जिले में लागू की गई है, जो परिवारिक विवादों के समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है काउंसलिंग हुई इस में दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल भी मौजूद रहे उन्होंने इसे अच्छी पहल बताया बीते दिनों पुरुषों द्वारा प्रताड़ना की बढ़ती शिकायतों ने विभाग को इस दिशा में कदम उठाने के लिए प्रेरित किया पति-पत्नी के विवादों में दोनों पक्षों को सुनना बेहद आवश्यक है, क्योंकि समय रहते विवादों को रोक दिया जाए तो मामला आगे बढ़ने से पहले ही सुलझ सकता है। इस दिशा में महिला थाने में उठाया गया यह कदम बढ़िया है पारिवारिक विवादों में आएगी कमी दुर्ग के एसएसपी विजय अग्रवाल ने आगे कहा कि इस तरह की पहल से आने वाले समय में पारिवारिक विवाद में कमी आएगी. आज के दौर में संयुक्त परिवारों में तनाव और विवाद की स्थितियां पहले के मुकाबले अधिक बढ़ रही है जिससे परिवारिक परामर्श केंद्र की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है पुरुष काउंसलर की नियुक्ति से उन मामलों में संतुलित परामर्श मिल सकेगा जहां पुरुष भी सहायता और मार्गदर्शन चाहते हैं. केंद्र की कोशिश रहेगी कि परिवारों को टूटने से बचाया जाए और जरूरत पड़ने पर उन्हें कानूनी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए दुर्ग एसएसपी ने बताया कि कायम हुई इस नई व्यवस्था से पारिवारिक विवादों का जल्द हल हो सकेगा. महिलाओं के साथ साथ पुरुषों को भी समाधान मिल सकेगा. इससे उम्मीद जताई जा रही है कि कई विवाद प्रारंभिक स्तर पर सुलझ जाएंगे।



## लूट की फर्जी रिपोर्ट लिखाकर 14.60 लाख हड़पने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 दिसम्बर।** कुम्हारी थाना क्षेत्र के फर्जी लूट की रिपोर्ट लिखाकर 14 लाख 60 हजार रुपए की रकम हड़पने का मामला सामने आया है आरोपी ने प्रार्थी बनकर पुलिस को लूट की फर्जी कहानी सुनाई घटना को सच मानकर पुलिस देर रात तक नाकेबंदी कर के आरोपियों की तलाश में जुटी रही, लेकिन बार बार घटना से संबंधित में बयान बदलने से पुलिस का प्रार्थी पर शक गहरा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने पर्दा उठ दिया। पुलिस की पूछताछ में कैशियर ने माना कि उसने ही पैसे छिपाए थे। इस पर पुलिस ने झूठा केस दर्ज कराने के आरोपी आशीष राठौर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि चरोदा निवासी कैशियर आशीष राठौर ने कुम्हारी थाना में रिपोर्ट दर्ज कि वह हिटाची कंपनी के एटीएम में कैश डालने जा रहा था। इसी दौरान, रात 8.30 से 9 बजे के बीच, ग्राम कपसदा में गोयल स्कूल के पास तीन युवक बाइक से आए एक युवक ने चाकू दिखाकर उसके गाड़ी में रखा बैग छीन लिया और 14.60 लाख रुपए लूटकर भाग गए इतनी बड़ी लूट की जानकारी होने पर दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर और क्राइम डीएसपी एसीसीयू की टीम मौके पर पहुंच गई प्राथमिक पूछताछ में ही जांच अधिकारियों को मामला संदिग्ध नजर आने लगा कैशियर हर बार पूछताछ में कुछ न कुछ छिपा रहा था जब पुलिस ने घटनाक्रम की जांच की, तो कई विरोधाभासी बातें सामने आईं। प्रार्थी द्वारा बताए गए घटना स्थल पर न तो कोई संघर्ष या संदिग्ध हरकत के निशान मिले और न ही स्थानीय लोगों ने ऐसी कोई घटना देखी होने की पुष्टि की। इसके बाद पुलिस ने आशीष राठौर से कड़ाई से पूछताछ की घंटों चली पूछताछ में आखिरकार उसने सच उगल दिया आरोपी कैशियर ने स्वीकार किया कि उसने एटीएम में पैसे डालने के बजाय उसे दूसरे एटीएम परिसर में पहले से ही छिपा दिया था फिर उसने खुद को लूट का शिकार दिखाने के लिए एक मनगढ़ंत कहानी तैयार की उसकी योजना थी कि जब बैंक बीमा कंपनी से क्लेम लेकर पैसा वापस पा लेगा, तब वह छुपाए हुए रुपए को आराम से हड़प लेगा लंबे समय से बना रहा था योजना पुलिस के अनुसार आरोपी काफी समय से इस योजना बना रहा था लगातार फिराक में था कि कंपनी एटीएम में पैसा डालने भेजेगी तो उसे गायब कर देगा जब उसने योजना के तहत लूट की कहानी बनाई तो पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की। उसके बयान और घटनास्थल की परिस्थितियां मिलान में नहीं बैठीं और वह पकड़ा गया पुलिस ने आरोपी पर अमानत में खयानत सहित अन्य गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है जांच टीम ने आरोपी के बताए स्थान पर छिपाए गए 14.60 लाख रुपए भी बरामद कर लिए है फिलहाल पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस योजना में कोई और भी शामिल था या कर्मचारी ने अकेले ही यह कदम उठाया।



### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पंचम दिवस गजेन्द्र मोक्ष की कथा कही गई

# श्रीमद भागवत पुराण जीवन का दर्पण है : संत निरंजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 8 दिसम्बर।** ग्राम पाऊवारा में आयोजित किए जा रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पंचम दिवस की कथा मे' गजेन्द्र मोक्ष कथा प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कथा वाचक संत श्री निरंजन महाराज जी कहा की गज की कथा मोहासक्त जीव की कथा है। भगवत प्राप्ति का सम्पूर्ण अधिकार मानव' शरीर को प्राप्त है। जीव ही वह गजेंद्र है संसार में सुख की कल्पना करते हुए प्रत्येक मनुष्य सारा जीवन घर परिवार के पोषण मे व्यतीत करते हुए अपना मूल उद्देश्य को भूल जाता है। मोह में पड़कर परमात्मा को भूलना विपत्ति को आमंत्रित करना है।

आगे कथा में महाराज संत निरंजन जी कहा की सत् चिन्तन छोड़कर असत संसार मे सुख की कल्पना करते हुए जीवात्मा भटक जाता है। जगत की चिन्तन जीव को फंसाता है और जगदीश चिन्तन आनन्द से भर देता है। पूर्व जन्म का राजा इन्द्र धुम्न अगस्त्य ऋषि के श्राप से हाथी का शरीर धारण किया। पूर्व जन्म के भागवत भक्त होने के कारण हाथी के शरीर पाकर ही हाथियों का राजा बन गया।

संसार के सारे रिश्ते स्वार्थ के होते है स्वार्थ वश एक दूसरे से प्रेम करते है सच्चा प्रेम तो सिर्फ परमात्मा से ही होता है। जीवन में विपत्ति तब आती है जब धन, बल, जन, बल पद और प्रतिष्ठा के फेर में पड़?कर अपने आप को बाहुबली समझ बैठता है। जीव जब निर्बल होकर ईश्वर को आतिभाव से पुकारता है उसी समय भगवान जी के रक्षा के लिए दौड़ कर आते हैं।

ग्राह जब गज को पकड़ा किसी भी की हिम्मत नहीं उसे मदत कर छुड़ा ले।

धीरज धरम मित्र अरु नारी,

आपद काल परिखिण्ड चारोष चारी।।

विपत्ति के समय ही सारे सम्बन्धो की परीक्षा होती है।जीव को जब-तक अपने बल का अहंकार रहता है तब तक ईश्वर कृपा प्राप्त नहीं कर सकता। आर्तभाव से गज पुकारे ही आधे नाम सुनकर भगवान रक्षा किये। प्रत्येक जीव मात्र का रक्षक ईश्वर है सांसारिक मोह से मुक्त होकर ही परमात्मा परमात्मा का चिन्तन करते हुए आनन्दित जीवन व्यतीत कर सकते है।

इस अवसर नेता प्रतिपक्ष छतीसगढ़ शासन चरण दास महंत, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, विधायक धमतरी ओमकार साहू, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, पूर्व विधायक गुंडरदेही बिरेन्द्र साहू, पूर्व विधायक कुरुद लेखराम साहू, पूर्व विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा, पूर्व विधायक कवर्धा डॉ सियाराम साहू, पूर्व विधायक नवागढ़ गुरु दयाल सिंह, पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्रकार, पूर्व अध्यक्ष साहू दुग्ध संघ विपिन साहू, पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग थानेश्वर साहू, अध्यक्ष केश हस्त शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, श्रीमती रागनी साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजकुमारी दीवान, जनपद अध्यक्ष लिमन साहू, राजेश शर्मा, कामधेनु विश्विधालय डॉ दिलीप चौधरी, इंद्रजीत छोटू सिंह, पूर्व विधायक अवदेश चंदेल फ़िल्म बोर्ड अध्यक्ष मोना सेन, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी अध्यक्ष तारनी चन्द्रकार, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव, पूर्व अध्यक्ष जनपद दुर्ग मोहन हरमुख, पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत अशोक साहू, सुरेंद्र तिवारी, जावेद खान, विजय बघेल, पूर्व महापौर नीता लोधी, अतुल साहू, इरफ़ान खान, बाबू जैन, विनोद गुप्ता सहित हजारों की संख्या में श्रोता समाज एवं समस्त आयोजन कर्ता व समस्त ग्रामवासी पाऊवारा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# वीर सैनिकों के कारण ही हमारे जीवन और संपत्ति सुरक्षित है: राज्यपाल

**रायपुर, 08 दिसंबर।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में लोकभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में गौरवपूर्ण समारोह आयोजित किया गया। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा कि सैनिक निःस्वार्थ भाव से हमेशा देश की रक्षा के लिए तैयार रहते है और अपना जीवन देश सेवा के लिए लगाते है। उनके कारण ही हमारे जीवन और संपत्ति सुरक्षित हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने सशस्त्र झण्डा दिवस निधि के लिए 2 लाख रूपए की सहयोग राशि राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड को प्रदान की। कार्यक्रम में राज्यपाल ने सभी शहीदों की वीर नारियों एवं माताओं, आश्रितों को सम्मान राशि और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। वीरता अलंकरण प्राप्त सैनिकों और झण्डा दिवस के




अवसर पर विशेष योगदान देने वाले दानदाताओं का सम्मान भी किया। राज्यपाल श्री डेका ने अपने उद्बोधन के दौरान इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि झण्डा दिवस निधि से लगभग 27 महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है, जिनके माध्यम से पूर्व सैनिकों और उनके आश्रित परिवारों को निरंतर सहायता मिल रही है। छत्तीसगढ़ सैनिक कल्याण बोर्ड और गृह विभाग के सहयोग से हमारे वेटरन्स की उत्कृष्ट देखभाग सुनिश्चित की जा रही है। श्री डेका ने कहा कि हमारे सैनिक कठिन परिस्थितियों में अपना कार्य संपादित करते हैं। माइनस डिग्री के तापमान में भी अपनी जिम्मेदारी कुशलता से निभाते है। उन्होंने शहीद हुए सैनिकों के परिवारों को नमन किया और कहा कि आप लोगों का त्याग अमूल्य है। लोकभवन और छत्तीसगढ़ सरकार आपके साथ मजबूती से खड़ा हैं। सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए हम निरंतर प्रतिबद्ध है।

समारोह की शुरूआत में शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की गई और दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का प्रतीक बैज लगाकर श्री डेका को सम्मानित किया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार शर्मा ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु के संदेश का वाचन किया। राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के संचालक ब्रिगेडियर श्री विवेक शर्मा ने झण्डा दिवस निधि के महत्व पर एवं इस निधि से भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस में सबसे ज्यादा राशि एकत्रित करने के लिए कलेक्टर रायपुर श्री गौरव कुमार सिंह एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रायपुर कैप्टन श्री अनिल कुमार शर्मा को प्रथम पुरस्कार एवं कलेक्टर दुर्ग श्री अभिजीत सिंह एवं सैनिक कल्याण अधिकारी दुर्ग को द्वितीय पुरूस्कार एवं राज्यपाल ट्राफी प्रदान की गई।

## एक नजर

### हॉकी में देश की बेटियां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर रही देश का नाम रोशन: उप मुख्यमंत्र साव

**रायपुर,08 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव आज अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम परिसर राजनांदगांव में आयोजित अस्मिता हॉकी लीग प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि अस्मिता हॉकी लीग के प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता के यादगार पल में आने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि हॉकी देश के महत्वपूर्ण खेल विधाओं में शामिल है और हॉकी खेल में देश की बेटियां बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रही है। शासन द्वारा खेल के क्षेत्र में बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए विशेष आयोजन किए जा रहे है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। खेल मंत्रालय सभी राज्यों के साथ मिलकर वर्ष 2047 तक खेलों के क्षेत्र में भारत को अग्रणी बनाने एवं खेल और खिलाडियों के विकास करने के लिए योजना बनाकर कार्य कर ही है। उन्होंने प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने प्रशिक्षकों द्वारा बालिकाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र साहू, पूर्व विधायक श्री रामजी भारती, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री सचिन बघेल, श्रीमती गीता साहू, श्री सौरभ कोठारी, श्री रमेश पटेल, श्री राजेंद्र गोलछा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी संघ श्री फिरोज अंसारी, अपर कलेक्टर श्री प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम श्री गौतम पाटिल, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री श्री मृणाल चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, तीरंदाजी संघ के पदाधिकारी, खिलाड़ी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### ओडिशा से अवैध रूप से लाये जा रहे 30 क्विंटल धान और वाहन को किया गया जब्त

**रायपुर,08 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धान के अवैध कारोबार पर सख्ती बरतते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।जिसके तहत शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और मंडी की संयुक्त टीम ने तहसील करपावंड के ग्राम धनपुर में गश्त के दौरान ओडिशा राज्य से अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे 30 क्विंटल धान सहित एक वाहन को जब्त कर लिया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री मनीष वर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि गश्त के दौरान टीम ने वाहन क्रमांक सीजी 17 केवाय 3158 को रोका। वाहन का चालक ओड़ीसा के थाना उमरकोट अंतर्गत ग्राम धारली निवासी प्रदीप साव था। वाहन की गहन जांच करने पर उसमें 60 बोरियों में भरा हुआ कुल 30 क्विंटल धान पाया गया। संयुक्त टीम ने जब चालक प्रदीप साव से इतनी बड़ी मात्रा में धान परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज़ों की मांग की, तो वह कोई भी मान्य कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया। वैध कागजातों के अभाव को देखते हुए संयुक्त टीम ने 30 क्विंटल धान और वाहन को जब्त कर लिया। आगे की वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जब्त किए गए धान और वाहन को थाना करपावंड के सुपुर्द कर दिया गया है। प्रशासन की इस सक्रियता और कार्रवाई से सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध तरीके से होने वाली धान की आवक पर प्रभावी रोक लगने की उम्मीद है।

### छग पर्यटन बोर्ड के रजत जयंती वर्ष में ऑनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता 8 दिसंबर से

**रायपुर, 08 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड द्वारा राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 08 दिसंबर से 21 दिसंबर 2025 तक विशेष गतिविधियों और प्रतियोगिताओं की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों एवं रिजॉर्ट्स के साथ-साथ पर्यटन बोर्ड के प्रधान कार्यालय रायपुर में भी विविध रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, जिनका उद्देश्य छत्तीसगढ़ पर्यटन को नए आयाम देना है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पर्यटन बोर्ड ने 08 दिसंबर से 15 दिसंबर 2025 तक ऑनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया है। प्रतियोगिता का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन स्थलों को नई दृष्टि से सामने लाना तथा युवा और शौकिया फोटोग्राफरों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सशक्त मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता में भारत के किसी भी हिस्से से 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे।

मुख्यमंत्री साय सर्व रविदास समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए

# शिक्षा ही सामाजिक विकास का मूलमंत्र : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**रायपुर,08 दिसंबर।** सामाजिक विकास का वास्तविक आधार शिक्षा है। चाहे जीवन जीने की कला हो, व्यापार हो, कृषि हो या कोई अन्य क्षेत्र – हर क्षेत्र में सफलता का पहला कदम शिक्षा ही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषक सभागार में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रदेश सर्व रविदास समाज के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने मंच पर सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रारंभ से ही शिक्षा के स्तर को उन्नत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य गठन के समय जहाँ मात्र एक मेडिकल कॉलेज था, वहीं आज प्रदेश में लगभग 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। इसी प्रकार, छत्तीसगढ़ में आईआईटी, ट्रिपल-आईटी, आईआईएम, लॉ यूनिवर्सिटी, एम्स, सिपेट जैसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों की स्थापना से स्थानीय युवाओं को बड़े अवसर प्राप्त हुए हैं।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि समाज को मजबूत और संगठित होना समय की आवश्यकता है, क्योंकि संगठित समाज ही राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मूलमंत्र – सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास – का उल्लेख करते हुए कहा कि इन्हीं मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार राज्य सरकार 23 महीनों से सभी वर्गों के हित में काम कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हाल के महीनों में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिसमें अन्नदाताओं के लिए कृषक उन्नति योजना, प्रत्येक परिवार को पक्का मकान देने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना, माताओं और बहनों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाली महतारी वंदन योजना, दूरस्थ अंचलों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु शिक्षक युक्तियुक्तकरण जैसे कदम शामिल हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अब तक विभिन्न विभागों में 10 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं पूर्ण निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई गई हैं, जिससे युवाओं में नया विश्वास उत्पन्न हुआ है।

उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने नई उद्योग नीति लागू की है, जिससे स्थानीय लोगों को अधिक अवसर, रोज़गार और स्वरोजगार प्राप्त हो सकेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज के लोगों से आग्रह किया कि वे अधिकाधिक संख्या में शासन की योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएँ। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री ध्रुव कुमार मिर्धा ने भी संबोधित किया और नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर सर्व रविदास समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष श्री विजय मेहरा, रायपुर संभाग आयुक्त श्री महादेव कांवरे, श्री दिलीप वासनीकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने सोनाखान का दौरा कर शहीद दिवस की तैयारियों का लिया जायजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,08 दिसंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी रविवार को वीरभूमि सोनाखान पहुंचे। उन्होंने 10 दिसम्बर को शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के संभावित सोनाखान आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन समिति,आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से चर्चा कर प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा के संबंध में विचार-विमर्श किया और सुझावों के अनुरूप अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभी तैयारी समय पर पूरा करने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने शहीद वीरनारायण सिंह संग्रहालय, स्मारक स्थल, कार्यक्रम स्थल, हेलिपैड का स्थल निरीक्षण कर सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने मुख्य कार्यक्रम स्थल पर मुख्य मंच की साज -सज्जा, वीआईपी, समाज प्रमुखों एवं आमजनों की बैठक व्यवस्था, विभागीय स्टॉल, बाहर से आने वाले समाजिकजनों के भोजन एवं विश्राम की व्यवस्था आदि की जानकारी ली। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह के वंशजों के निवास स्थल पर जाकर उनसे सौजन्य मुलाकात भी की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज राजेंद्र सिंह दीवान सहित एसडीएम, तहसीलदार,पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# कांग्रेस कार्यालय में एसआईआर अभियान और 'वोट चोर गद्दी छोड़' आंदोलन पर बैठक

**कोरबा 08 दिसम्बर।** टीपी नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान एवं ''वोट चोर गद्दी छोड़'' आंदोलन को लेकर कांग्रेस संगठन और बूथ स्तरीय प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एआईसीसी सचिव एवं प्रदेश प्रभारी सुश्री जरिता लैतफ्लांग, अध्यक्षता पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद उपस्थित रहे। बैठक में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सुश्री जरिता लैतफ्लांग ने आरोप लगाया कि प्रदेश के कई क्षेत्रों में मतदाता सूचियों में गड़बड़ियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कोरबा विधानसभा के वार्ड 48 सहित प्रदेश के कई स्थानों पर मतदाताओं के नाम जोड़ने-काटने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। सुश्री जरिता ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से 14 दिसंबर को दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में होने वाले हस्ताक्षर अभियान एवं ''वोट चोर गद्दी छोड़'' महारैली में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील भी की। पूर्व मंत्री एवं कोरबा लोकसभा प्रभारी जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि मतदाता सूची में किसी पात्र का नाम ना छूटे और अपात्र का नाम नहीं जुड़ना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 16 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के बाद अपने-अपने बूथों में नामों की जांच करने और 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावा-आपत्ति दर्ज कर पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने की अपील की।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने जानकारी दी कि वे नागरिक जिनके परिवार का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नहीं था, वे आवश्यक दस्तावेजों सहित फॉर्म 6 भरकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। बैठक में नव-नियुक्त जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर एवं मनोज चैहान का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सुश्री जरिता ने बताया कि प्रदेश के 41 नवनियुक्त जिला अध्यक्षों के लिए एआईसीसी की निगरानी में 10-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। सुश्री जरिता ने पूर्व जिला अध्यक्ष नत्थूलाल यादव को भी पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मान करते हुए कहा कि आप अब सीनियर कांग्रेस नेता की श्रेणी में आ गए हैं। इसलिए आपकी जिम्मेदारी और भी ज्यादा बढ़ गई है। आपका मार्गदर्शन इन नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को आगे भी मिलते रहेगा। बैठक कार्यक्रम को नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू , पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, हरीश परसाई, सपना चैहान, श्याम सुंदर सोनी, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री प्रशांत मिश्रा, सचिव बीएन सिंह, विकास सिंह, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, ओबीसी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गजानंद साहू, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे, महिला अनुसूचित जाति की अध्यक्ष पुष्पा पात्रे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, सुरेश सहगल आदि ने एसआईआर कार्य के विषय पर अपना सुझाव दिया।

# बार-बार अवैध धान विक्रय के मामले में फुटकर व्यापारी पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 08 दिसंबर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अवैध खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा जांच-पड़ताल का लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम राका के फुटकर व्यापारी लालजी सिन्हा द्वारा बार-बार अवैध धान विक्रय का मामला पकड़ में आने पर कलेक्टर के निर्देशानुसार उसके विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 01 दिसम्बर 2025 को धान उपार्जन केन्द्र मेढा का औचक निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी एवं नायब तहसीलदार द्वारा किया गया। जांच में पाया गया कि फुटकर व्यापारी लालजी सिन्हा ने कृषक लिखन कंवर (निवासी पिपरिया, तहसील डोंगरगढ़) को धोखे में रखकर उनके नाम से 28 नवम्बर 2025 को 260 क्विंटल धान उपार्जन केंद्र में विक्रय कराया था। इसके बाद फिर से 01 दिसम्बर को 244 क्विंटल धान बेचने का प्रयास किया गया। सत्यापन में यह भी सामने आया कि किसान के खेत में धान की लुवाई हुई ही नहीं थी। किसान ने बयान में बताया कि लालजी सिन्हा ने झूठी जानकारी और प्रलोभन देकर अवैध धान को उपार्जन केंद्र तक पहुँचाया और उनके नाम से विक्रय कराने का प्रयास किया। जांच दल की रिपोर्ट और किसान के बयान के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि लालजी सिन्हा, धान के अवैध विक्री की गतिविधियों में संलिप्त है, जिसके चलते उसके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। कलेक्टर ने कहा है कि जिले में धान के अवैध परिवहन, भण्डारण एवं अवैध खरीदी-बिक्री, कोचियों और बिचौलियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# संयुक्त टीम ने बिचौलिए से 24.99 लाख मूल्य के 1055 क्विंटल अवैध धान किया जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,8 दिसम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा कोचिये आउट बिचौलिए पर.कड़ी निगरानी की जा रही है। शनिवार को राजस्व अनुभाग भाटापारा एवं पलारी में बिचौलिए से 24.99 लाख रुपये के 1055 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुभाग भाटापारा में एसडीएम श्यामा पटेल के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य एवं मण्डी की संयुक्त टीम ने भव्य ट्रेडर्स सूरजपुरा से 28 क्विंटल अवैध धान मूल्य 66332 रुपये का जब्त किया गया।खैरा के माखन गिरि गोस्वामी से 16.40 क्विंटल अवैध धान मूल्य 38851 एवं रिद्धि सिद्धि एग्रो इंडस्ट्रीज से 23,74,183 रुपये मूल्य का 1000 क्विंटल अवैध धान जब्त कर गोदाम सील किया गया।अनुविभाग पलारी में ग्राम जर्वे के जलेश्वर साहु के दुकान से 11.2 क्विंटल अवैध धान मूल्य 25760 रुपये जब्त कर जर्वे के बालकदास को सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में एसडीएम भाटापारा श्यामा पटेल,तहसीलदार यशवंत राज,लीलाधर कंवर, सहायक खाद्य अधिकारी लक्ष्मण कश्यप, नायब तहसीलदार पंकज बघेल,मण्डी निरीक्षक विजय लाल साहु, मण्डी उप निरीक्षक श्याम लाल प्रफुल्ल मांझी शामिल थे।

# अरूण साव राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 08 दिसंबर।** उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव साहू सदन राजनांदगांव में आयोजित साहू



समाज के छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने साहू सदन परिसर में मां कर्मा मंदिर जीर्णोद्धार और डोम शेड का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने वाले युवक-युवतियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू, कसडोल विधायक श्री संदीप साहू, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड श्री जितेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ डॉ. नीरेन्द्र साहू, अध्यक्ष जिला साहू संघ श्री भागवत साहू सहित जनप्रतिनिधि व साहू समाज के पदाधिकारीगण, बड़ी संख्या में साहू समाज के युवक-युवती व समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करें:डेका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर,08 दिसंबर।** राज्यपाल श्री डेका ने चयनित अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि अपना कर्तव्य भली-भांति निभाते हुए देश और समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहें और मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि यह आप लोगों के जीवन का दूसरा पड़ाव हैं। विद्यार्थी जीवन से निकलकर अब आप जीवन की दूसरी सच्चाइयों से रूबरू होंगे। श्री डेका ने कहा कि अपनी काम को पूजा की तरह करें। ऐसा काम करें जिससे आम जनता के मन आप लोगों के प्रति विश्वास और श्रद्धा हो। सर्वश्रेष्ठ सेवा देने का प्रयास करें। ईमानदारी आप के कार्यो में दिखनी चाहिए। छत्तीसगढ़ के विकास में आप लोगों की अहम भूमिका है किसी प्रकार के दबाव में काम न करें, जनहित में त्वरित निर्णय लें। श्री डेका ने कहा कि हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के सदस्य हैं, उसके अनुरूप अपना आचरण और व्यवहार रखें। सभी



को जीवन में एक ऐसा कार्य काम करना चाहिए जिसमे लेना न हो बल्कि देना हो इससे उन्हें भी आनंद आएगा। इस अवसर पर सरस्वती शिक्षा संस्थान के पदाधिकारियों सहित पीएससी में चयनित अधिकारियों श्री सुमीत केशरवानी, श्री सीमांशु केशरवानी, श्री वैभव गुलहरे, सुश्री तान्या पाण्डेय, श्री नीरज गुप्ता, श्री हितेन्द्र सिंह, श्री वैभवी साहू, सुश्री आकांक्षा महोबिया, श्री जयप्रकाश सिंह, श्री रोशन ओग्रे, श्री प्रिंस कुमार कुशवाहा, सुश्री आरती साहू, रंती देव, सुश्री पूनम साहू, सुश्री किरण महेरिया, श्री विजय वर्मा उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री से कुंभकार समाज के प्रतिनिधिमंडल की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर,08 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय को आगामी जनवरी 2025 में रायपुर जिले के ग्राम नवागांव (कोलियारी) में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय महाधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आमंत्रण के लिए समाज के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का धन्यवाद किया तथा आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि कुंभकार समाज की पारंपरिक कला, श्रमशीलता और सांस्कृतिक योगदान छत्तीसगढ़ की सामाजिक संरचना को समृद्ध बनाते हैं। राज्य सरकार सभी समाजों के विकास और सहभागिता के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। प्रतिनिधि मंडल में समाज के सलाहकार श्री रतन लाल चक्रधारी, श्री बी.पी. चक्रधर, प्रदेश अध्यक्ष श्री नंद कुमार चक्रधारी, महामंत्री श्री हेमलाल कौशिक, कोषाध्यक्ष श्री जयप्रकाश कुंभकार, श्री दौवा राम चक्रधारी सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## मोदी-पुतिन ने देश के बाहर व भीतर दे दिया संदेश

विश्व राजनीति हो या देश की राजनीति हो पीएम मोदी व रूस के राष्ट्रपति जब भी मिलते हैं वह विश्व के देशों को तो स्पष्ट संदेश देते है कि रूस व भारत के संबंध बरसों से आजमाए हुए संबंध है, यह आज मजबूत हैं तो भविष्य में और मजबूत होंगे. वक्त की कसौटी पर यह संबंध हमेशा खरे उतरे हैं और आगे भी खरे उतरेंगे।चाहे उनका मिलना में चीन हो या भारत में हो, दो दोस्तों के बीच जो गर्मजोशी होती है,वह कम नहीं होती है, वह सभी को दिखाई देती है।दोनों एक दूसरे के लिए प्रोटोकाल की परवाह नहीं करते, कोई क्या सोचेगा नहीं सोचते हैं.चीन में भी दोनों एक कार में गए थे और भारत में भी एक कार में सफर कर दोनों ने संदेश दिया है कि उनके संबंध दोनों देशों के हित में है और दोनों नेता एक दूसरे के लिए लकीर से पार जाकर भी एक दूसरे की मदद कर सकते हैं। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने आज तक किसी देश के लिए नहीं कहा है रूस उसका अनलिमिटेड सहयोग करेगा, उन्होंने पहली बार भारत के लिए कहा है कि रूस भारत का अनलिमिटेड सहयोग हर क्षेत्र में करेगा।पुतिन ने अमरीका के राष्ट्रपति को यह संदेश दिया है कि आने वाले समय में नया वर्ल्ड आर्डर चीन,भारत व रूस का होगा।ट्रंप नहीं चाहते हैं कि उसके खिलाफ यह तीनो देश एकजुट हों इसके लिए उनको न चाहकर चीन की यात्रा करनी पड़ी थी और कहना पड़ा था हम जी-२ है। वह जानते हैं कि यह तीनों देश एकजुट हो गए हैं कि दुनिया में उनकी चौधराहट नहीं चलेगी। द.अफ्रीका में हुए जी-२० में अमरीका को यह संदेश भारत की मौजूदगी में दिया गया था, अमरीका नहीं आएगा तो भी दुनिया के लिए कई देश मिलकर बड़ा फैसला ले सकते हैं। अमरीका चीन,भारत व रूस को एकजुट नहीं होने देना चाहता है और रूस एकजुट करना चाहता है। इसमें ट्रंप अपने अहंकार के कारण असफल हैं तो पुतिन अपने सहयोग की नीति के चलते सफल हैं।यही वजह है कि पुतिन ने भारत आने वाले एक इंटरव्यू में कहा था कि आने वाला समय भारत रूस को होगा। पुतिन ने पीएम की प्रशंसा करते हुए कहा है कि यह भारत की खुशकिस्मती है कि उसके पास मोदी जैसा नेता हैं जो किसी के दबाव में नहीं आता है जिसके सांसों के कण कण में भारत है।जो विश्वनीय नेता हैं। यह दुनिया के लिए संदेश तो था ही साथ ही कांग्रेस व राहुल गांधी के लिए भी संदेश था कि आप लोग जिसकी झूठी आलोचना करते हो, वह आपकी आलोचना से परे हैं, इससे मोदी का कुछ भी नहीं बिगड़ता है। यह सच भी है कि मोदी की आलोचना से कांग्रेस को कोई फायदा नहीं हुआ है उल्टे नुकसान हुआ है। पुतिन ने मोदी की तारीफ करके देश व दुनिया को बता दिया है कि पीएम मोदी जैसे नेता बहुत कम होते हैं, उनकी कदर की जानी चाहिए।वह भारत की अनमोल संपत्ति हैं। इस बात का ख्याल रखा जाना चाहिए। मोदी विश्व में आतंकवाद के प्रखर विरोधी है, इस मामले में पुतिन ने साफ कहा है कि वह आतंकवाद के मामले में भारत के साथ हैं।इसका संदेश पाकिस्तान के लिए है कि वह आतंकवाद के मामले में उससे कोई अपेक्षा न रखे,यूक्रेन के मामले में पीएम मोदी ने पुतिन से साफ कहा कि वह न्यूट्रल नहीं है, वह शांति के पक्ष में हैं, यह पीएम मोदी ने कोई पहली बार नहीं कहा है, इससे पहले भी वह पुतिन से कह चुके हैं कि यह समय युध्द का नहीं है, पुतिन भारत की इस बात को मानते हैं और भारत की सराहना करते हैं और कहते हैं कि भारत इसमें सहयोग कर सकता है।यूरोप के देश भी चाहते हैं कि भारत रूस को शांति के लिए राजी करे। पीएम मोदी ने विश्व को यह कहकर कि भारत व रूस की दोस्ती ध्रुव तारे की तरह है। यानी अटल है, किसी भी वजह से वह बदलने वाली नहीं है, यह कहकर भारत ने अमरीका जैसे देशों को संदेश दिया है कि वह यह उम्मीद न करेंकि भारत रूस को अकेला छोड़ सकता है। दोनों के बीच दोस्ती और आगे भी बनी रहेगी।पुतिन की भारत यात्रा से भारत व रूस के बीच दोस्ती व सहयोग नया युग शुरू हुआ है।दोनों देशों ने २०३० तक नए रोड मैप सहमति जताई है।इस तहत ट्रेड को ९ लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। पुतिन की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई नए क्षेत्रों में समझौते हुए हैं, इससे आनेवाले समय में दोनों देशों को फायदा होगा।दोनों देशों के लोग बिना बीजा के एक महीने के लिए एक दूसरे के देश जा सकेंगे इससे दोनों देशों के लोग एक दूसरे के देश घूमने जा सकेंगे, दोनों देशों के लोग एक दूसरे के देश काम करने जा सकेंगे। दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य,चिकित्सा,विज्ञान,बंदरगाह,जंलमार्ग,केमिकल्स,खाद,वाहनों के आवागमन,कर,सीमाशुल्क,रक्षा उन्नत प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों में समझौते हुए है।इससे आने वाले दिनों में दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे तथा इससे दोनों देशों को फायदा भी होगा।

# मनोरंजन स्थल या मौत का अड्डा?

**सुनील कुमार महला**



गोवा के नाइट क्लब में लगी आग ने 25 लोगों की जान ले ली, वहीं 6 लोग घायल बताए जा रहे हैं। इनमें पांच पर्यटक(तीन महिलाएं) तथा 20 क्लब के कर्मचारी शामिल बताए जा रहे हैं।इन पर्यटकों में चार दिल्ली के हैं तथा तीन एक ही परिवार के हैं, यह बहुत ही दुखद है। हाल फिलहाल, इस मामले में क्लब प्रबंधक समेत चार को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया में उपलब्ध जानकारी अनुसार यह हादसा 6 दिसंबर 2025 शनिवार देर रात पणजी से 25 किलोमीटर दूर अरपोरा नदी के पास स्थित 'बर्च बाई रोमियो लेन' नाइट क्लब में हुआ। बताया जा रहा है कि उस समय क्लब में 200 से अधिक लोग मौजूद थे। क्लब की पहली मंजिल पर आग की लपटें उठने लगीं तथा उस वक्त वहां डांस फ्लोर पर 100 से अधिक पर्यटक थे। कुछ ही पल में क्लब में धुआं भर गया और भगदड़ मच गई। जान बचाने के लिए लोग भूतल पर पहुंचे, लेकिन बाहर निकलने के दरवाजे छोटे और रास्ते संकरे होने से कई लोग फंसे रह गए और आग ने पूरे क्लब को चपेट में ले लिया।गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने आशंका जताई है कि क्लब के अंदर बिजली से संचालित आतिशबाजी के दौरान निकली तेज चिंगारियों से आग भड़की। हालांकि, पुलिस ने प्रारंभिक जांच में इसे सिलेंडर फटने से लगी बताया है। वास्तव में आग किस कारण से लगी,यह तो जांच के बाद ही सामने आ पाएगा। हाल फिलहाल, आगजनी की इस घटना पर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, गृह मंत्री अमित शाह ने गहरा शोक जताया है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि उत्तरी गोवा के इस नाइट क्लब में आग लगने से हुई मौतों की वजह लापरवाही है। क्या यह हमारे देश की विडंबना नहीं है कि हमारे यहां कोई घटना घट जाती है तो उसके बाद तत्परता दिखाई जाती है। इससे पहले किसी चीज़ की ओर ध्यान नहीं दिया जाता है। चाहे नाइट क्लब हों या मॉल हों, होटल हों या बहुमंज़िला आवासीय इमारतें या कोई भी ऊँची इमारत, आज आगजनी जैसी दुर्घटनाएँ न हों-इसके लिए बने नियमों को अक्सर खुलेआम ताक पर रख दिया जाता है। वास्तव में कड़वा सच तो यह है कि आज भवन निर्माण से लेकर उसके संचालन तक हर स्तर पर लापरवाही साफ दिखाई देती है। फायर सेफ्टी के अनिवार्य इंतज़ाम-जैसे अग्निशमन यंत्र, स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म सिस्टम, आपातकालीन निकास द्वार और नियमित मॉक ड्रिल आदि या तो काग़ज़ों तक सीमित रहते



हैं या फिर दिखावे के लिए लगाए जाते हैं। नाइट क्लबों और बंद हॉल जैसी जगहों पर अधिक भीड़, ज्वलनशील सजावटी सामग्री, तेज़ रोशनी और ध्वनि उपकरण आग के खतरे को और बढ़ा देते हैं, फिर भी सुरक्षा मानकों की अनदेखी आम बात हो गई है। क्या यह सबसे चिंताजनक बात नहीं है कि कई इमारतों को अग्निशमन विभाग से वैध एनओसी मिले बिना ही संचालित कर दिया जाता है और जब कभी औपचारिक जांच होती भी है तो वह केवल खानापूर्ति बनकर रह जाती है। वास्तव में, मुनाफ़ा, जल्दबाज़ी और भ्रष्टाचार के गठजोड़ में इंसानी ज़िंदगियाँ सबसे सस्ती हो जाती हैं। दुर्घटना होने के बाद कुछ दिनों तक शोर-शराबा होता है, जांच समितियाँ बनती हैं, दोषियों पर कार्रवाई की बातें की जाती हैं, लेकिन समय गुजरते ही सब कुछ फिर पुराने ढर्रे पर लौट आता है। आगजनी की ये घटनाएँ हमें यह सिखाती हैं कि सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। जब तक नियमों का सख्ती से पालन, नियमित निरीक्षण और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक नाइट क्लब हों या कोई भी इमारत-हर जगह लोग मौत के साए में ही खुशियाँ मनाने को मजबूर रहेंगे। जरूरत इस बात की है कि कानून केवल किताबों में नहीं, जमीन पर भी उतरे, ताकि हर नागरिक निश्चिंत होकर सुरक्षित जीवन जी सके। गोवा में आगजनी की इस घटना के बाद जितनी तत्परता अब दिखाई जा रही है, अगर ऐसी संजीदगी नियमों का पालन करने और कराने में होती, तो इस हादसे से बचा जा सकता था। 6 दिसंबर 2025 शनिवार को हुई यह घटना बताती है कि कैसे अनेकों बार छोटी-छोटी लापरवाहियाँ मिलकर बड़ी त्रासदी बन जाती हैं। शनिवार आधी रात को जब गोवा के इस नाइट क्लब में आग लगी, तब वहां लोग वीकेंड मनाने के लिए भारी संख्या में मौजूद थे। अचानक आग की लपटें और धुआं फैल गया। लोग घबरा गए, तथा वहां भगदड़ मच गई और कई लोगों को बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिला। उपलब्ध जानकारी के अनुसार फायर ब्रिगेड की गाड़ियाँ भी समय पर पास नहीं पहुंच सकीं, क्योंकि क्लब तक जाने का रास्ता बहुत संकरा था। आज अनियोजित शहरीकरण महानगरों में अनेक समस्याओं को लगातार जन्म दे रहा है। संकरे रास्ते, भीड़-भाड़ कहीं न कहीं समस्याओं को ही जन्म देते हैं। क्या यह चिंताजनक बात नहीं है कि मनोरंजन के नाम पर खुल रहे नाईट क्लब अक्सर सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर संचालित होते हैं। सबसे बड़ा खतरा तब पैदा होता है जब इन संकरी गलियों में स्थित क्लबों में आगजनी जैसी घटनाएँ होती हैं। दमकल की गाड़ियाँ इन स्थानों पर समय रहते पहुँच नहीं पातीं, निकासी के रास्ते अवरुद्ध होते हैं और भगदड़ में जान-माल का भारी नुकसान हो जाता है। हैरानी की बात यह है कि अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन निकास द्वार, क्षमता से अधिक लोगों की मौजूदगी और अवैध निर्माण जैसे नियमों की खुलेआम अनदेखी होती है। प्रशासन की लापरवाही, सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार और नियमित निरीक्षण की कमी इन हादसों को और भयावह बना देती है। असल में, यह केवल एक नाइट क्लब या एक हादसे की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे शहरी ढांचे, प्रशासनिक व्यवस्था और हमारी सामाजिक ज़िम्मेदारी पर सवाल है। जब तक संकरी गलियों में बिना योजना के बने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सख्ती नहीं होगी और अग्नि-सुरक्षा नियमों का ईमानदारी से पालन नहीं कराया जाएगा, तब तक ऐसे हादसे बार-बार निर्दोष जिंदगियाँ लीलते रहेंगे। उपलब्ध जानकारी अनुसार गोवा नाईट क्लब में सजावट में ताड़ के सूखे पत्तों का इस्तेमाल किया गया था, जिससे आग और तेजी से फैल गई। सबसे बड़ी लापरवाही यह रही कि इमरजेंसी एग्जिट की सही व्यवस्था नहीं थी। इसी वजह से कुछ लोग रास्ता भटककर किचन तक पहुंच गए, जहां से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था और जान-माल का व्यापक नुक़सान हुआ। यह भी सामने आया है कि यह नाइट क्लब बिना किसी वैध अनुमति के चल रहा था और इसका निर्माण भी नियमों के खिलाफ था। यानी सुरक्षा से जुड़े नियमों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। यह पहली बार नहीं है, जब ऐसी लापरवाही जानलेवा साबित हुई हो। गौरतलब है कि इसी साल यानी कि 2025 में मई माह में हैदराबाद के गुलजार हौज इलाके में एक आवासीय इमारत में आग लगने से 17 लोगों की मौत हो गई थी, और वहां भी संकरे रास्ते और वेंटीलेशन को बड़ा कारण माना गया था।अब सरकार सभी क्लबों की जांच कराने की बात कर रही है, लेकिन सच्चाई यह है कि इन जांचों को किसी हादसे के बाद नहीं, बल्कि पहले ही नियमित रूप से होना चाहिए। बिना लाइसेंस चल रहे क्लब, होटल और रेस्तरां बंद होने चाहिए और यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि वे खुलते कैसे हैं और सालों तक कैसे चलते रहते हैं ? यह भी कि गोवा की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बहुत बड़ा योगदान है। आंकड़े बताते हैं कि यह राज्य के जीडीपी का 16% से भी ज्यादा हिस्सा है। इस साल गोवा में पर्यटकों की संख्या भी बढ़ी है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं गोवा की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं, जो पहले ही टैक्सी चालकों की मनमानी और पर्यटकों से बदसलूकी जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। इसलिए राज्य सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाएं दोबारा न हों।

## सू- दोकू क्र.252

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.251 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## शब्द सामर्थ्य -252

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 251 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

## राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामले में अनुकूल रहने वाला है, क्योंकि आप आज शेयर मार्केट आदि में इन्वेस्टमेंट करने की प्लानिंग करेंगे और प्रॉपर्टी को लेकर भी कोई डील फाइनल हो सकती है। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा और आप अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलें। आप अपनी किसी परिजन के घर मेल-मिलाप करने जा सकते हैं। किसी पैतृक संपत्ति से भी आपको धन लाभ होता दिख रहा है।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, जिसमें उन्हें जीत अवश्य मिलेगी। आपको बाहर के खाने पीने से परहेज रखने की आवश्यकता है। माताजी के आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा और बेवजह की भागदौड़ अधिक रहेगी।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है, लेकिन आप किसी की काम को लेकर योजना बनाकर चलें, क्योंकि आपकी सेहत में कोई गड़बड़ी हो सकती है। पार्टनरशिप में कोई काम करना आपको नुकसान देगा, इसलिए आज आप किसी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें। आपके कुछ शत्रु मित्र के रूप में हो सकते हैं, जिन्हें आपको पहचानने की आवश्यकता है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी कोई डील यदि लंबे समय से अटकी हुई थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी और आपका विश्वास भी मजबूत रहेगा। पढ़ाई लिखाई पर आपका पूरा फोकस रहेगा। आप अपनी इनकम को लेकर थोड़ा सावधान रहें और किसी को धन उधार देने से बचें। आप आज किसी पिकनिक आदि पर जाने की योजना बना सकते हैं।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप समय बिताएंगे और आप जीवनसाथी से कुछ जरूरी मुद्दों को लेकर बातचीत कर सकते हैं, लेकिन सांसारिक सुखभोग के साधनों में वृद्धि होगी। यदि पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर कोई कड़वाहट चल रही थी, तो उसे भी आप मिल बैठकर दूर करेंगे। कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। बिजनेस में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपको अच्छे कामों के लिए कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। भाईचारे की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आज आपके काम में कुछ गुप्त शत्रु उत्पन्न होंगे, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएंगे। जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। राजनीति में आपको आपके कामों के लिए किसी सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती हैं। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको अपनी वाणी और व्यवहार में मधुरता बनाए रखनी होगी।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आप कहीं घूमने-फिरने जाने के प्लानिंग करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आप किसी से कोई लेनदेन बहुत ही सोच समझकर करें। यदि आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड न रहें, तो वह उनकी समस्याओं को बढ़ा सकते हैं।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। जीवनसाथी को आप कही घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं। आपके सामने कुछ अनचाहे खर्च आ सकते हैं, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आज आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। नौकरी में कार्यरत लोगों को थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। रोजगार के तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग आप पर बना रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे हैं, तो वह कर सकते हैं। यदि आपने व्यवसाय में किसी काम को लेकर पार्टनरशिप की, तो वह भी दूर होगी। जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा। आपको अपने काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। बिजनेस में अकस्मात धन लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा। यदि आपने किसी काम को लेकर कोई जोखिम लिया, तो बाद में इसमें आपको समस्या खड़ी हो सकती है।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या लंबे समय से घिरे हुए थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है और आपको किसी कानूनी मामले में अच्छा खासा खर्च करना होगा, उसके बाद ही आपको सफलता हासिल होगी। आपको बिजनेस में मुताबिक काम मिल सकता है। आपको मन मुताबिक काम मिलने से खुशी होगी। आपकी किसी लिए गए निर्णय को लेकर आपको पछतावा हो सकता है। भाईचारे की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

**रिटायरमेंट आयु वृद्धि पर राष्ट्रीय बहस -संभावित सरकारी प्रस्ताव, कर्मचारियों की उम्मीदें और युवाओं की चिंताओं का समग्र विश्लेषण**

# रिटायरमेंट आयु वृद्धि,युवाओं के लिए चिंता का विषय है

**किशन सनमुखदास भावनानी**



भारत सरकार द्वारा कर्मचारियों की रिटायरमेंट आयु 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष करने पर गंभीरता से संभावित विचार किए जाने की हालिया जानकारी ने पूरे देश क्री मीडिया में एकव्यापक बहस को जन्म दे दिया है। यह मुद्दा केवल सरकारी व्यवस्था या नौकरशाही तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत के विशाल श्रम बाजार, आर्थिक संरचना, पेंशन प्रणाली, युवाओं की रोजगार संभावनाओं और कार्यस्थल की दीर्घकालिक नीतियों पर गहरा प्रभाव डालता है।वैश्विक संदर्भ में भी कई देशों ने बढ़ती उम्र,जीवन प्रत्याशा और पेंशन-भार को देखते हुए रिटायरमेंट आयु में बदलाव किए हैं। ऐसे में भारत का यह कदम न केवल अपरिहार्यता का संकेत है, बल्कि एक परिवर्तनशील सामाजिक- आर्थिक ढांचे की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत भी देता है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि केंद्रीय सरकार के स्तरपर रिटायरमेंट की उम्र को 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने का विचार महज़ किसी एक प्रशासनिक या वित्तीय गणना का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई व्यापक कारण मौजूद हो सकते हैं?पिछले एक दशक में भारत में जीवन प्रत्याशा लगातार बढ़ी है, वरिष्ठ कर्मचारियों का स्वास्थ्य बेहतर हुआ है और कई क्षेत्रों में अनुभव -आधारित कार्य-प्रदर्शन की मांग बढ़ी है। जिन देशों में जनसंख्या वृद्ध हो रही है,वहां रिटायरमेंट आयु में बढ़ोतरी आम हो चुकी है,जैसे फ्रांस, जापान, जर्मनी, अमेरिका और चीन। भारत में भी यह मुद्दा लंबे समय से चर्चा में रहा है, क्योंकि देश की कार्यबल संरचना में तेजी से बदलाव हो रहा है।इसके अलावा, सरकार पर पेंशन-व्यय और सामाजिक- सुरक्षा योजनाओं का बोझ बढ़ता जा रहा है। एक बड़ी संख्या में कर्मचारी अगले 10-15 वर्षों में रिटायर होने वाले हैं। यदि एक साथ भारी संख्या में कर्मचारी सेवानिवृत्त होते हैं, तो इससे न केवल सरकारी व्यय में उछाल आता है,बल्कि अनुभवी मानव- संसाधन की कमी भी पैदा होती है। इसी संदर्भ में रिटायरमेंट आयु दो वर्ष बढ़ाने का प्रस्ताव कई स्तरों पर महत्त्वपूर्ण और तार्किक प्रतीत होता है।यह आर्टिकल सोशल मीडिया में चल रही तार्किक बस पर आधारित है सटीकता सेक्रोई भी संबंध नहीं है। साथियों बात कर हम सरकार का प्रस्तावः60 से 62 वर्ष रिटायरमेंट आयु एक नीतिगत परिवर्तन इसको समझने की करें तो, सरकार द्वारा संकेत दिए गए संभावित प्रस्ताव में रिटायरमेंट आयु को 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की संभावना जताई गई है। यह प्रस्ताव केंद्रीय कर्मचारियों, राज्यों के कर्मचारियों,सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों, और कई अर्ध-सरकारी संस्थाओं कोप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करेगा।सरकार के इस कदम के पीछे प्रमुख तर्क इस प्रकार हो सकते हैं (1) अनुभवी कर्मचारियों को बनाए रखना-प्रशासन से लेकर टेक्निकल क्षेत्रों तक, कई विभाग ऐसे हैं जहां अनुभव सीधे कार्य-कुशलता से जुड़ा होता है। वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों का सेवाकाल बढ़ाने से नीतिगत निरंतरता बनी रहती है और प्रशिक्षण पर दबाव घटता है।(2) पेंशन-भार कम करना-दो वर्ष अतिरिक्त सेवा का अर्थ है कि कर्मचारी दो साल और योगदान देंगे, जबकि सरकार को पेंशन का बोझ दो साल बाद उठाना होगा। इससे राजकोष पर तत्काल दबाव कम होगा। (3) कर्मचारियों के वित्तीय जीवन को स्थिरता- महंगाई बढ़ता शहरी जीवन-यापन खर्च, स्वास्थ्य- देखभाल के बढ़ते खर्च और लंबी आयु इन सभी के लिए लंबी आयु तक सेवा कर्मचारी को आर्थिक सुरक्षा देती है।(4) पोस्ट- रिटायरमेंट आर्थिक तनाव कम करना- कई अध्ययन बताते हैं कि बड़ी संख्या में लोग रिटायरमेंट के तुरंत बाद आर्थिक कठिनाइयों का सामना करते हैं। दो वर्ष का अतिरिक्त समय उनके लिए एक मजबूत सुरक्षा परत तैयार करता है। साथियों बात अगर हम कर्मचारियों की उम्मीदें और वित्तीय लाभ- दो साल की अतिरिक्त सेवा क्यों महत्वपूर्ण है इसको समझने की करें तो,भारत में 60 वर्ष के बाद लोग केवल उम्र के हिसाब से बूढ़े माने जाते हैं, क्षमताओं के हिसाब से नहीं। आधुनिक कार्य वातावरण में 60 वर्ष से अधिक आयु वाले लोग पूरी तरह सक्रिय और कुशल होते हैं। ऐसे में कर्मचारियों के लिए यह निर्णय कई महत्वपूर्ण लाभ प्रदान कर सकता हैः(1)दो वर्ष का अतिरिक्त वेतन -जीवन भर की आय पर बड़ा असर सबसे बड़ा लाभ सीधे वेतन से जुड़ा है। कर्मचारियों को दो वर्ष अधिक वेतन मिलने का मतलब है-अधिक बचत,अधिक निवेश, सामाजिक सुरक्षा राशि में बढ़त, रिटायरमेंट के बाद बेहतर आय- स्रोत,विशेषकर मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए यह बढ़ोतरी अत्यंत महत्वपूर्ण है। (2) पेंशन और ग्रेच्युटी में वृद्धि-पेंशन का निर्धारण आखिरी वेतन और कुल सेवा अवधि के आधार पर होता है।दो वर्ष की अतिरिक्त सेवा से-पेंशन राशि बढ़ जाएगी, ग्रेच्युटी की कुल गणना में वृद्धि होगी,कम्युटेशन (एकमुश्त राशि) बढ़ेगी,इससे रिटायरमेंट के बाद वित्तीय स्थिरता काफी मजबूत होगी। (3) ईपीएफओ में अधिक योगदान जो कर्मचारी ईपीएफ के दायरे में आते हैं, उन्हें दो वर्षों तक एम्प्लायर और एम्प्लोयी दोनों का योगदान मिलता रहेगा।इससे-रिटायरमेंट कॉर्पस मजबूत होगा,ब्याज के रूप में अधिक राशि का लाभ मिलेगा,लंबे समय तक सुरक्षित कैश रिज़र्व बनेगा (4) स्वास्थ्य सुरक्षा और मेडिकल कवरेज-सेवा अवधि बढ़ने से कई कर्मचारियों को-सरकारी चिकित्सा सुविधाएँ,स्वास्थ्य बीमा सीजीएचएस लाभ-दो वर्ष अधिक मिलेंगे।यह सेवानिवृत्ति के बाद होने वाले स्वास्थ्य खर्चों को काफी कम कर सकता है। (5) 2025-2026 में रिटायर होने वाले कर्मचारियों को राहत- वे कर्मचारी जो जल्द ही रिटायर होने वाले हैं, उनके लिए यह प्रस्ताव राहत का संदेश है। उन्हें अचानक आर्थिक योजना बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी और वे दो वर्ष तक परिवार की वित्तीय सुरक्षा बेहतर ढंग से कर पाएंगे। साथियों बात अगर हम सरकारी तर्कः कार्यस्थल पर दक्षता और अनुभव का योगदान इसको समझने की करें तो,सरकार का तर्क है कि वरिष्ठ कर्मचारियों के पास वह अनुभव, जमीनी समझ और नीतिगत परिपक्वता होती है जिसे अचानक प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता।

साथियों बात अगर हम युवाओं की चिंताः रोजगारअवसरों पर संभावित प्रभाव इसको समझने की करें तो,इस निर्णय कायुवाओं पर प्रभाव बहस का प्रमुख केंद्र है।युवा वर्ग विशेष रूप से इस बात को लेकर चिंतित है कि (1) नई भर्ती में देरी हो सकती है-यदि वरिष्ठ पदों पर बैठे लोग दो वर्ष और सेवा में रहेंगे तो,नए पद देर से खाली होंगे, प्रमोशन चैन धीमा पड़ेगा,युवा उम्मीदवारों की नियुक्ति की गति कम हो सकती है,यह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए चिंता का विषय है। (2) पदों की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है- कई विभागों में भर्ती पदों की संख्या स्वतःरिटायरमेंट पर निर्भर होती है।रिटायरमेंट आयु बढ़ने का अर्थ है-भर्ती चक्र धीमा, रिक्तियां कम,नए रोजगारअवसरों में संकुचन (3) करियर की शुरुआत में देरी-भारतीय युवा अक्सर 25-28 वर्ष की उम्र में नौकरी की तैयारी में लगे होते हैं।यदि भर्ती देर से होगी तो,उनके करियर की शुरुआत पीछे चली जाएगी,सामाजिक और पारिवारिक दबाव बढ़ेगा,आर्थिक स्वतंत्रता की शुरुआत भी काफी देर से होगी (4) निजी व सार्वजनिक क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और कठिन हो सकती है- सरकारी नौकरियों में देरी का अर्थ है कि अधिक युवा निजी क्षेत्र में धकेले जाएंगे, जिससे उस क्षेत्र में भी प्रतियोगिता बढ़ जाएगी। साथियों बात अगर हम सरकार का दृष्टिकोणः संतुलन बनाते हुए नीति लागू करने की कोशिश इसको समझने की करें तो, सरकार की ओर से संकेत दिया गया है कि यह नीति जल्दबाज़ी में लागू नहीं की जाएगी बल्कि चरणबद्ध तरीके से इसे लागू करने पर विचार होगा। इसके संभावित विकल्प हैं-विभागवार रिटायरमेंट आयु में वृद्धि,कुछ पदों पर फिलहाल 60 वर्ष ही बनाए रखना,युवाओं के लिए समानांतर विशेष भर्ती मिशन,नए पद सृजित करके रिक्तियों की कमी दूर करना,सरकार का मानना है कि युवाओं और वरिष्ठ दोनों वर्गों के हितों का संतुलन बनाए रखना आवश्यक है।इसलिए इस नीति से पहले व्यापक दिशानिर्देश जारी होने की संभावना है, जिसमें यह स्पष्ट किया जाएगा कि,भर्ती प्रक्रिया बाधित न हो,युवाओं के लिए वैकल्पिक अवसर बनें,वरिष्ठ कर्मचारियों को बिना व्यवधान योगदान देने का अवसर मिलेसाथियों बात अगर हम आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक प्रभाव, विस्तृत विश्लेषण के दृष्टिकोण से देखे तो (1) आर्थिक प्रभाव- सरकारी पेंशन व्यय में कमी सार्वजनिक धन का बेहतर प्रबंधन,वरिष्ठ कर्मचारियों के माध्यम से आर्थिक स्थिरता (2) सामाजिक प्रभाव- परिवारों की आर्थिक सुरक्षा बढ़ेगी,वरिष्ठ नागरिक समाज में अधिक सक्रिय रहेंगे,वृद्धावस्था आश्रय और पेंशन आधारित निर्भरता कम होगी (3)कार्य-संस्कृति पर प्रभाव-अनुभवी व युवा कर्मचारियों का मिश्रण,कार्यस्थल पर कौशल-साझेदारी में सुधार, संस्थागत ज्ञान संरक्षित रहेगा, युवा और वरिष्ठ कर्मचारियों के बीच संतुलन ही वास्तविक समाधान,रिटायरमेंट आयु बढ़ाना एक अत्यंत व्यापक निर्णय है जिसका असर दो पीढ़ियों पर समान रूप से होगा।

# जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में स्कूली छात्राओं तथा महिला पतंजलि टीम ने आकर्षक योगासन की प्रस्तुति दी

**कोरबा 08 दिसंबर।** कोरबा योगासन स्पोर्ट्र्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता 2025 (महिला वर्ग) का भव्य आयोजन रविवार को गीतांजलि भवन, पुराना बस स्टैंड कोरबा में किया गया। पूरे कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं तथा महिला पतंजलि की टीम ने आकर्षक योगासन प्रस्तुति देकर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को बाद में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में कोरबा महापौर संजू देवी राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, प्रमोद अग्रवाल, संजय कुर्मवंशी,




दुर्गेश राठौर, सचिन विश्वकर्मा तथा एसोसिएशन की सदस्याओं सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे। महापौर संजू देवी राजपूत ने योग के महत्व पर बोलते हुए कहा कि योग स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी साधन है। उन्होंने कहा कि पुराने समय में लोग अपने दैनिक कार्यों से ही स्वाभाविक रूप से फिट रहते थे, वहीं आज की तेज रफ्तार जिंदगी में योग हर उम्र के व्यक्ति के लिए जरूरी हो गया है। योग ध्यान से लेकर आसन तक मन, आत्मा और शरीरकृतीनों को संतुलित करता है। नियमित योग से शरीर के साथ मन भी मजबूत बनता है, कोरबा योगासन स्पोर्ट्र्स एसोसिएशन द्वारा ऐसे कार्यक्रम निरंतर होने चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग योग के लाभों से परिचित हो सकें। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि मानव जीवन में योग का महत्व आदिकाल से रहा है। प्राचीन ग्रंथों में भी उल्लेख मिलता है कि ऋषि-मुनि योग को ही साधन बनाकर अनेक बीमारियों का उपचार करते थे। उन्होंने कहा कि आज विज्ञान ने भी सिद्ध किया है कि योग से शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की समस्याओं का समाधान संभव है। मंत्री देवांगन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योग को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज 21 जून को पूरे विश्व में 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया जाता है। यह भारत की प्राचीन संस्कृति का गर्व बढ़ाने वाला कदम है। उन्होंने एसोसिएशन के प्रयासों को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल बच्चों को मंच प्रदान करती हैं, बल्कि समाज में योग के प्रति जागरूकता भी बढ़ाती हैं। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और सभी उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया।

## एक नजर

### शीतला माता जात्रा का 9 दिसंबर को होगा आयोजन

**गीदम 08 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के शीतला माता मंदिर में 08 दिसंबर सोमवार को शीतला माता मंदिर में जात्रा कलश की स्थापना होगी एवं मंगलवार 09 दिसंबर को शीतला माता जात्रा का आयोजन होगा। जिसमें आसपास के गांवों से हजारों लोग माता के मंदिर दर्शन के लिए पहुंचेंगे। इस तीन दिवसीय जात्रा में 08 दिसंबर को शीतला माता के मंदिर में जात्रा कलश स्थापना के साथ यह जात्रा शुरू होगी, दूसरे दिन गांवदई भैरमबाबा व धनिया में उसेंडी डोकरा देव पूजा, शीतला माता पूजा व आरती, देव खेलनी, उड़ियानाट, आदिवासी नृत्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। तीसरे दिन देव विदाई व ध्वजा उतारनी रस्म के साथ जात्रा का समापन होगा।

### 7 नग सट्टा पर्ची व नगद राशि के साथ 2 सटोरिए गिरफ्तार



**जगदलपुर,08 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिला मुख्यालय के थाना कोतवाली पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि जमाल मिल के पीछे हरीश मंडन एवं विनायक स्वामी नाम का व्यक्ति अवैध रूप से सट्टा जुआ खिला रहा है। सूचना पर मौके पर जाकर आरोपी हरीश मंडन को हिरासत में लेकर जांच में उसके कब्जे से 3 नग सट्टा पर्ची, सट्टा रकम 700 रुपया के साथ पकड़ कर कार्यवाही की गयी । वहीं आरोपी विनायक स्वामी को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से 4 नग सट्टा पर्ची, सट्टा रकम 3200 रुपया के साथ पकड़ कर कार्यवाही की गयी ।

### हाथियों की निगरानी से लौटते समय बड़ा हादसा, पसान रेंजर और चालक गंभीर रूप से घायल

**कोरबा08 दिसंबर।** जिले के पसान थाना क्षेत्र में रविवार तड़के सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। हाथियों की मूवमेंट की जानकारी मिलने पर रातभर ड्यूटी कर वापस लौट रहे वन विभाग के पसान रेंजर मनीष सिंह और उनके चालक की स्कॉर्पियो वाहन पेड़ से टकराने के कारण भीषण दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। शनिवार देर रात पिपरिया क्षेत्र में हाथियों के पहुंचने की सूचना मिली थी। रेंजर मनीष सिंह और चालक तत्काल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने तथा छेड़छाड़ न करने की सलाह दी। हाथी मित्र दल की मदद से हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने के बाद दोनों अधिकारी रात में ही वापस लौट रहे थे। वापसी के दौरान पसान रोड पर उनकी स्कॉर्पियो अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से जोरदार टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे में रेंजर मनीष सिंह के सीने और हाथ में गंभीर चोटें आईं, जबकि चालक भी इंकसल घायल हुआ। राहगीरों ने तत्काल मदद करते हुए दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद रेंजर की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। चालक का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है।

### एमएमसी जोन को बड़ा झटका: शीर्ष नक्सली कमांडर रामधेर ने साथियों सहित किया सरेंडर

**खैरागढ़,08 दिसंबर।** मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ नक्सल ज़ोन को आज बड़ा आघात लगा है। लंबे समय से सक्रिय कुख्यात नक्सली और ष्टष्टरूसदस्य रामधेर मज्जी ने अपने साथियों सहित खैरागढ़ जिले में आत्मसमर्पण कर दिया। इस कदम को क्षेत्र में नक्सल कमजोरी की दिशा में सबसे बड़ी उपलब्धियों में एक माना जा रहा है। रामधेर मज्जी एक लंबे समय से MMC ज़ोन में सक्रिय बड़ी नक्सली इकाई का प्रमुख चेहरा था। उनके तथा उनके 12 साथियों के आत्मसमर्पण से मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ का MMC नक्सल ज़ोन लगभग नक्सल मुक्त होने की दिशा में निर्णायक कदम माना जा रहा है।

### धान खरीदी में बड़ा फर्जीवाड़ा पकड़ा गया

# मारीगुड़ा में 40 क्विंटल अवैध धान सहित ट्रैक्टर जब्त



**जगदलपुर, 08 दिसंबर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच अवैध तरीके से धान खपाने का एक बड़ा मामला सामने आया है। शनिवार 07 दिसम्बर को करपावंड तहसील के अंतर्गत ग्राम मारीगुड़ा चिऊरगाँव में दूसरे किसान का धान अपने खाते में बेचने की शिकायत मिलने पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री मनीष वर्मा ने बताया कि मौके पर एक ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 17 केटी 1576 को रोका गया, जिसमें लक्ष्मण भारती पिता सहदेव भारती निवासी मारीगुड़ा द्वारा 89 बोरी में लगभग 40 क्विंटल धान ले जाया जा रहा था।

पूछताछ करने पर लक्ष्मण भारती ने स्वीकार किया कि उनके पिता सहदेव भारती पिता आयतु भारती के नाम पर सोमवार 8 दिसम्बर को धान उपार्जन केंद्र करपावंड में 152.40 क्विंटल धान बेचने के लिए टोकन कटा है। टोकन की मात्रा के मुकाबले धान कम पड़ने के कारण उन्होंने कमी को पूरा करने के लिए यह 40 क्विंटल धान ग्राम राताखंडी निवासी दया भतरा से मांगा था। इससे स्पष्ट हुआ कि लक्ष्मण भारती अन्य किसान के धान को अवैध रूप से अपने पिता के खाते में खपाने का प्रयास कर रहे थे, जो कि शासन के नियमों का सीधा उल्लंघन और एक प्रकार का फर्जीवाड़ा है।प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए, अवैध रूप से लाए जा रहे 40 क्विंटल धान सहित महिंद्रा ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 17 केटी 1576 को जब्त कर लिया। जब्त किए गए धान और ट्रैक्टर को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना करपावंड के सुपुर्द कर दिया गया है। इस घटना ने धान खरीदी केंद्रों पर बिचौलियों की सक्रियता और धोखाधड़ी के प्रयासों को एक बार फिर उजागर कर दिया है। प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि इस तरह के फर्जीवाड़े को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### प्रदेश में धान खरीदी का महाअभियान तेजी के साथ जारी

राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला तेजी के साथ जारी हैं। पिछले माह के 14 नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी महाअभियान में पांच दिसम्बर को सवेरे 10 बजे जारी रिपोर्ट के अनुसार 22 लाख 39 हजार 433 लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान की खरीदी हो चुकी है। अब तक 4 लाख 39 हजार 511 पंजीकृत किसानों ने धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत भुगतान हेतु मार्कफेड द्वारा 5277 करोड़ रूपए जारी किए गए है। चालू खरीफसीजन के लिए इस वर्ष 27 लाख 30 हजार 96 किसानों ने पंजीयन कराया है, जिसमें 31 लाख 51 हजार 771 हेक्टेयर रकबा शामिल है। राज्य में सभी जिलों में धान खरीदी जारी है। धान खरीदी से अब तक महासमुंद जिला सर्वाधिक 15 लाख 19 हजार 650 क्विंटल धान खरीदकर पहले पायदान पर है। वहीं गरियाबंद जिले 6 लाख 73 हजार 495 क्विंटल धान खरीदकार दूसरे नम्बर पर है। इसी तरह बिलासपुर जिले 6 लाख 73 हजार 65 क्विंटल धान खरीदकर तीसरे स्थान हासिल की है। हांलाकि कांकेर जिला 6 लाख 15 हजार 431 क्विंटल धान खरीदी कर चौथे पायदान पर बने हुए है। पांच लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदी वाले जिले में धमतरी और मुंगेली जिले शामिल हैं।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में विश्व मृदा दिवस उत्साह से मनाया

**बीजापुर08 दिसंबर।** कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व मृदा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जिले के किसानों, नीति आयोग के अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री अरुण कुमार सकनी ने किया। उन्होंने केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, मिट्टी के स्वास्थ्य मापदंडों तथा मिट्टी को जीवित और उपजाऊ बनाए रखने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग और जैविक खाद जैसे वर्मी कम्पोस्ट, कम्पोस्ट एवं गोबर खाद के महत्व को रेखांकित किया जिससे मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ती है और फसल उत्पादन स्थिर रहता है।

कार्यक्रम में श्री संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है, मिट्टी को बचाना हर व्यक्ति का प्रमुख कर्तव्य है। आगे अपने उद्बोधन में श्री उग्रेश कुमार देवांगन, सहायक संचालक कृषि ने विभागीय योजनाओं तथा प्राकृतिक खेती के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। श्री अरविंद आयम, कार्यक्रम सहायक ने बताया कि अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी के स्वास्थ्य में निरंतर गिरावट आ रही है। उन्होंने किसानों को संतुलित एवं वैज्ञानिक पद्धतियों के उपयोग पर जोर देने की सलाह दी। डॉ. दिनेश कुमार मरापी,ए प्रक्षेत्र प्रबंधक ने मृदा एवं जल संरक्षण की विभिन्न तकनीकों के बारे में उपयोगी जानकारी साझा की। कार्यक्रम में कुल 43 किसान सम्मिलित हुए।विश्व मृदा दिवस का यह आयोजन किसानों को वैज्ञानिक, टिकाऊ और मिट्टी,संरक्षण आधारित कृषि पद्धतियों की ओर प्रेरित करने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।

### ग्राम संकनपल्ली की भूमि संबंधी शिकायत पर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट जारी

**बीजापुर 08 दिसंबर।** बीजापुर जिले के अनुभाग उसूर के तहत ग्राम संकनपल्ली में आदिवासियों की पैतृक जमीन गैर आदिवासी के नाम दर्ज होने की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी उसूर जांच के आदेश दिया गया। उपलब्ध अभिलेखों और राजस्व दस्तावेज़ों की विस्तृत जांच में यह तथ्य सामने आया कि जिन किसानों की भूमि के परिवर्तन या नामांतरण की शिकायत दर्ज की गई थी, वास्तव में सभी भूमि मूल भूमिस्वामियों के ही नाम पर ही दर्ज हैं एवं किसी भी प्रकार का अवैध हस्तांतरण या विक्रय नहीं किया गया है। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि विभिन्न खसरा नंबरों में दर्ज समस्त भूमि पूर्व से ही संबंधित कृषकों के नाम पर है तथा कोई भी भूमि किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर दर्ज नहीं पाई गई।

# शहर के वार्डों को112 विकास कार्यों की सौगात

- 876.90 लाख की लागत से मिलेगी बेहतर सड़कें, नालियाँ और मूलभूत सुविधाएँ
- यह निर्माण नहीं, हर नागरिक के जीवनस्तर को ऊपर उठाने का संकल्प है- संजय पाण्डे
- सभी 48 वार्डों में पहुँच रही सुविधाएँ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 08 दिसंबर।** नगर निगम द्वारा शहर के सभी 48 वार्डों में 876.90 लाख रुपये की लागत से कुल 112 विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई है जिसमें सीसी सड़क निर्माण, डामरीकरण, आरसीसी नाली, पुलिया, सामुदायिक भवन, शेड, सोल्डर आदि शामिल हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने शहरवासियों को प्रत्यक्ष लाभ तो मिलेगा ही साथ ही शहर का आधारभूत ढांचा और अधिक मजबूत होगा। महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि यह योजनाएँ शहर के सर्वांगीण विकास और प्रत्येक वार्ड में समान रूप से सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। हमारा उद्देश्य है कि किसी भी गली, मोहल्ले और वार्ड को विकास से वंचित न रहने दिया जाए। नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुगम सड़कें मिले। महापौर ने आगे कहा कि इन 112 कार्यों से शहर में अनेक प्रकार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ होंगे। सीसी रोड और डामरीकरण कार्यों से खराब सड़कों की समस्या दूर होगी। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और स्थानीय नागरिकों को सुरक्षित एवं सहज पहुंच मार्ग मिलेगा। अधिकांश वार्डों में आरसीसी नाली और पुलिया निर्माण से बरसात में होने वाला जलभराव कम होगा। इससे बीमारी, मच्छरजनित संक्रमण और सड़कों की क्षति भी घटेगी। नालियों के निर्माण से सीवरेज सिस्टम व्यवस्थित होगा। गंदगी और दुर्गंध की समस्या कम होगी। कई वार्डों में सामुदायिक भवन, मंदिर परिसर, शेड निर्माण जैसे कार्यों से स्थानीय सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। बाजार, दुकानों और व्यावसायिक मार्गों पर सड़क और नाली निर्माण से व्यापारियों एवं ग्राहकों दोनों को सुविधा मिलेगी।ईडब्ल्यूएस कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और आंतरिक गलियों में होने वाले विकास से आमजन के जीवनस्तर में सुधार होगा। प्रावधिक स्वीकृति प्राप्त होने पर महापौर संजय पाण्डे ने उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, बस्तर सांसद महेश कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव को धन्यवाद देते आभार माना है। वहीं पार्षदगण, अधिकारियों व नगरवासियों के सहयोग के लिए उनको भी धन्यवाद देते हुए कहा यह सब नगर निगम परिषद, पार्षदों, अधिकारियों और नागरिकों के सहयोग से संभव हुआ है। हम मिलकर शहर को आधुनिक, सुरक्षित और सुविधायुक्त बनायेंगे। विकास का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। यह शहर हमारा घर है। हम सब मिलकर इसे आधुनिक, स्वच्छ और सुरक्षित बनाएंगे। 48 वार्डों में एक साथ इतने कार्य शुरू होना शहर के सुनहरे भविष्य की ओर कदम है।

### किशोर न्याय अधिनियम के नियमानुसार संचालित होती है सभी संस्थायें

# जिला स्तरीय समिति ने किया बाल देखरेख संस्थाओं का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 08 दिसंबर।** किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 110 तथा भारत सरकार द्वारा जारी किशोर न्याय संशोधित नियम, 2022 के नियम 41(1) के तहत गठित जिला स्तरीय निरीक्षण समिति द्वारा बस्तर जिले की पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समिति ने शासकीय बाल गृह (बालक), शासकीय सम्प्रेक्षण गृह (बालक), शासकीय सम्प्रेक्षण गृह (बालिका), शासकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी (बालक), शासकीय विशेष गृह (बालक), शासकीय विशेष गृह (बालिका), शासकीय बाल गृह (बालिका), खुला आश्रय गृह (बालक) बस्तर सामाजिक जन विकास समिति तथा सेवा भारती (मातृ छाया) विशेष दत्तक



ग्रहण एजेंसी का अवलोकन किया। निरीक्षण समिति सदस्य नरेन्द्र पाणिग्राही ने बताया कि सभी संस्थाएँ किशोर न्याय अधिनियम एवं संशोधित नियमों के अनुसार संचालित पाई गईं। निरीक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार की पंजियों, रजिस्टरों एवं अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया। साथ ही, संस्था में निवासरत बालकङ्कबालिकाओं और कर्मचारियों से व्यक्तिगत चर्चा कर उनकी स्थिति व आवश्यकताओं का भी आकलन किया गया।

उन्होंने बताया कि पूर्व निरीक्षण में चिन्हित कमियों का सभी संस्थाओं द्वारा पूर्ण निराकरण कर लिया गया है, जो सराहनीय है। संस्था के अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वर्तमान में संस्था का कार्य संतोषप्रद है आगामी समय में समिति के निरीक्षण के दौरान भी यही स्थित संस्थाओं में कायम रहे। निरीक्षण के दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. विजय शंकर शर्मा ने निर्देश दिए कि संस्थाओं द्वारा संधारित सभी पंजी व्यवस्थित रूप से अद्यतन रहें, तथा निरीक्षण दिवस पर सभी अभिलेख उपलब्ध और सुव्यवस्थित रूप में होने चाहिए। संस्थागत देखरेख अधिकारी मनोज कांत जोशी ने सभी संस्थाओं को निर्देशित किया कि वे संस्थाओं में निवासरत बच्चों की देखभाल, स्वास्थ्य, शिक्षा, काउंसलिंग, खेलकूद एवं मनोरंजन संबंधी गतिविधियों पर विशेष ध्यान दें, ताकि बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा मिल सके।

## समाचार संक्षेप

### तेज रफ्तार हाइवा-बाइक की टक्कर में दो बाइक सवार घायल



**कोंडागांव, 08 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 बनियागांव में आज रविवार की दोपहर को एक तेज रफ्तार हाइवा वाहन ने सामने से आ रही एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में जहां बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, घटना के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। कोंडागांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोंडागांव जिले के बनियागांव नेशनल हाईवे 30 पर हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार हाइवा की बाइक के साथ टक्कर हो गई, इस घटना में बाइक सवार युवक एवं पीछे बैठी बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को आस-पास के लोगों ने तत्काल जिला अस्पताल के लिए रवाना किया। जहां पर दोनों घायलों की हालत नाजुक बतायी जा रही है। घटना के बाद हाइवा वाहन लेकर फरार हो गया, पुलिस घटना की जांच कर रही है। दोनों घायलों की पहचान नहीं हुई है।

### चनाभरी के जंगल में एक युवक का सिर कटा शव मिला



**कोंडागांव, 08 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के विश्रामपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम चनाभरी के जंगल में आज रविवार को एक युवक का सिर कटा शव मिलने की जानकारी लगते ही फोरेंसिक टीम के साथ पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर ग्रामीणों से पूछताछ में मृतक की शिनाख्त कर ली गई है। कोंडागांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोंडागांव जिले के विश्रामपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोसमी के आश्रित गांव गोविंदपुर से लगे चनाभरी के जंगल में मवेशी चराने गए ग्रामीणों ने एक सिर कटा शव देखा, जिसकी सूचना के बाद शव को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए। शव मिलने की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त लछिदर पांडेय के रूप में की गई, जो तीन दिन पहले अपने घर से बाजार जाने के नाम पर निकला था और वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने इस मामले की शिकायत थाने में भी दर्ज कराई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कोंडागांव पुलिस परिजनों से लेकर अन्य लोगों से पूछताछ कर मामले की सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

### कलेक्टर ने किया ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस का आंतरिक निरीक्षण



**कांकेर 08 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस का आज आंतरिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी से श्री राजेन्द्र सिंह गौर और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से श्री पुरुषोत्तम पाटिल तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जितेन्द्र कुर्रे एवं वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी अनिभा रेणु सोनबेर भी मौजूद थे।

### आपकी पूंजी आपका अधिकार मेगा शिविर सफल, निष्क्रिय खातों के हकदारों को लौटाए गए 1.65 करोड़ रुपये

**बीजापुर 08 दिसंबर।** जिले में वर्षों से निष्क्रिय पड़े बैंक खातों के वास्तविक हकदारों को उनकी जमा पूंजी लौटाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान को उल्लेखनीय सफलता मिली है। अभियान के तहत अब तक 1.65 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पात्र नागरिकों को वापस की जा चुकी है। यह विशेष अभियान अक्टूबर से प्रारंभ होकर 31 दिसंबर 2025 तक जिले के सभी विकासखण्डों में आयोजित मेगा शिविरों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। जिला कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यशाला में बताया गया कि यह पहल डीईएएफ योजना के अंतर्गत संचालित है, जिसका उद्देश्य पिछले दस वर्षों से निष्क्रिय पड़े खातों का पारदर्शी, त्वरित और सरल निपटान करना है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला प्रशासन की सक्रिय भूमिका के चलते अब तक 7.27 करोड़ रुपये से अधिक राशि वाले निष्क्रिय खातों की पहचान की जा चुकी है।

## किसानों ने धान खरीदी की पारदर्शिता पर जताया भरोसा, अब तक 184.1415 हैक्टेयर रकबा समर्पित

# धान बेचने व रकबा समर्पण करने में रायगढ़ जिला अव्वल

- धान खरीदी में किसानों का अभूतपूर्व उत्साह 7,181 किसानों से 3.92 लाख क्विंटल धान की खरीदी
- 92.04 करोड़ रुपए भुगतान, 1522.19 लाख की ऋण वसूली, कलेक्टर की सतत मॉनिटरिंग से केंद्रों में पारदर्शिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 8 दिसम्बर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में रायगढ़ जिले में राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी एक महापर्व के रूप में नजर आने लगी है। जिले के किसानों में इस वर्ष धान विक्रय को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। किसानों को उनके वास्तविक धान उपज की खरीदी में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन ने संपूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारू और किसान हितैषी बनाया है। जिले के सभी 105 धान उपार्जन केंद्रों में खरीदी व्यवस्थित रूप से जारी है।

धान खरीदी व्यवस्था की निगरानी स्वयं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा की जा रही है । वे लगातार उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि तौल प्रक्रिया पारदर्शी रहे, किसानों को प्रतीक्षा न करनी पड़े, टोकन प्रणाली सुचारू चले, और केंद्रों में बोरे, तौल मशीनें, छाया, पानी आदि की समुचित व्यवस्था उपलब्ध रहे। कलेक्टर द्वारा धान के अवैध परिवहन, भंडारण और बिचौलियों द्वारा अमानक धान बेचने जैसी गतिविधियों पर कड़ाई से निगरानी रखी जा रही है। वे प्रतिदिन खरीदी की समीक्षा कर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे रहे हैं कि खरीदी प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

धान खरीदी के दौरान एक महत्वपूर्ण प्रवृत्ति इस वर्ष विशेष रूप से उभरकर सामने आई है। जिले के किसान स्वयं प्रेरित होकर अपना शेष रकबा समर्पित कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि राज्य शासन द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा केंद्र सरकार के एमएसपी के अतिरिक्त राज्य शासन की कृषक उन्नति योजना के तहत दी जाने वाली अंतर राशि को मिलाकर प्रति क्विंटल 3,100 रुपए समर्थन मूल्य तय किया गया है। किसानों ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि यदि वास्तविक उपज बेचने के बाद वे अपने शेष रकबे का समर्पण नहीं करेंगे, तो उनके खातों में उपलब्ध शेष स्थान का दुरुपयोग होने की आशंका बनी रहती है। इसलिए पारदर्शिता बनाए रखने के लिए किसान आगे आकर स्वयं अपना रकबा समर्पित कर रहे हैं। धान खरीदी शुरू होने से लेकर अब तक जिले में पारदर्शिता की मिसाल पेश करते हुए रायगढ़ जिले में शुक्रवार की अद्यतन स्थिति के अनुसार कुल 184.1415 हैक्टेयर रकबा समर्पण दर्ज किया जा चुका है। रकबा समर्पण की दृष्टि से रायगढ़ जिला प्रदेश के सर्वाधिक समर्पण करने वाले जिलों में शामिल हो चुका है।

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में अब तक 3,457 सीमांत किसान, 1,987 लघु किसान और 1,737 बड़े किसान धान विक्रय कर चुके हैं। कुल मिलाकर 7,181 किसानों से 3,92,113.60 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। भुगतान की स्थिति भी संतोषजनक है। राज्य शासन द्वारा धान बेच चुके किसानों को 9,204.90 लाख रुपए का भुगतान उनके खातों में अंतरित किया चुका है। इसके साथ ही सहकारी समितियों द्वारा 1,522.19 लाख रुपए की ऋष्ा वसूली भी की गई है।

### धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता लाने किसान कर रहे रकबा समर्पण

रायगढ़ में इस वर्ष धान खरीदी महापर्व ने नई पहचान बनाई है। किसानों ने अपने वास्तविक उपज की खरीदी के बाद स्वयं आगे आकर 184.1415 हेक्टेयर रकबा का समर्पण किया है, जिससे खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता का स्तर और भी मजबूत हुआ है। जिले के 7,181 किसानों से अब तक 3.92 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदा जा चुका है। किसानों को 92.04 करोड़ रुपए का भुगतान तथा 1,522.19 लाख रुपए की ऋण वसूली की गई है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी की सतत मॉनिटरिंग और सख्त निर्देशों के चलते उपार्जन केंद्रों में व्यवस्था सुचारू, पारदर्शी बन रही है।

## एक नजर

### होटल के कमरे में महिला की मौत मामले का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा, 8 दिसंबर।** सीतामणी स्थित चंदेला होटल में मिली महिला की रहस्यमयी मौत के मामले का कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी राकेश कुमार मानिकपुरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। 5 दिसंबर को चंदेला होटल के कमरे नंबर 207 में एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में मिला था। जांच में पता चला कि महिला 04 दिसंबर को राकेश मानिकपुरी (25 वर्ष), निवासी मरकाडीह, जांजगीर-चांपा के साथ होटल में आई थी और दोनों ने कमरा किराये पर लिया था। अगले दिन सुबह 11 बजे तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर होटल प्रबंधन ने जांच की, जहां खिड़की से पैर दिखाई देने पर दरवाजा खोलकर भीतर देखा गया तो महिला मृत अवस्था में पड़ी थी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फोरेंसिक टीम की सहायता से जांच की, शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमॉर्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। बाद में मृतका के चाचा शिवा दास ने थाना कोतवाली में आरोपी राकेश मानिकपुरी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर धारा 103 बीएनएस के तहत हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया। जांच के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश ठाकुर और नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के निर्देशन में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेही राकेश मानिकपुरी को पकड़ लिया।

### पाली जपं फिर विवादों के घेरे में, सीईओ पर लगा कमीशनखोरी का गंभीर आरोप

**कोरबा, 8 दिसंबर।** जनपद पंचायत पाली एक बार फिर विवादों में घिर गया है। यहां पदस्थ सीईओ भूपेंद्र कुमार सोनवानी पर विकास कार्यों में कमीशनखोरी और डीएमएफयोजना के करोड़ों रुपए के दुरुपयोग का गंभीर आरोप सामने आया है। सरपंच-सचिवों द्वारा लंबे समय से लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच अब पूर्व जनपद सदस्य मिर्जा कय्यूम बेग ने लगभग 15 करोड़ रुपए के कथित घोटाले का मुद्दा उठाकर पूरे प्रशासन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। बेग ने कलेक्टर को सौंपे पत्र में बताया कि डीएमएफ योजना के तहत वर्ष 2020-21 में 1.89 करोड़ ,वर्ष 2021-22 में 5.83 करोड़ ,वर्ष 2022-23 में 7.18 करोड़ कुल मिलाकर लगभग 15 करोड़ रुपए प्रशिक्षण कार्यक्रम और हितग्राही सामग्री वितरण के लिए स्वीकृत किए गए।लेकिन बेग के अनुसार जमीनी स्तर पर न तो कोई प्रशिक्षण हुआ और न ही सामग्री का वितरण। पूरा व्यय कागजी रूप से दर्शाकर भारी भरकम वित्तीय अनियमितता को अंजाम दिया गया है। बेग ने बताया कि उन्होंने करीब पांच माह पहले भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत इन कार्यों की जानकारी मांगी थी। सीईओ द्वारा राशि जमा करने कहा गया, जिसे उन्होंने जमा भी कर दिया। इसके बाद भी आज तक किसी भी प्रकार की सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई।

# जिला जेल में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 8 दिसम्बर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ न्यायाधीश एवं सचिव अंकिता मुदलियार के नेतृत्व में जिला जेल रायगढ़ में विश्व एड्स दिवस पखवाड़े के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़, स्वास्थ्य विभाग के टीम, जिला जेल रायगढ़ एवं एनजीओ निश्चय समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। जिला जेल रायगढ़ में निरूद्ध बंदियों को एचआईवी संक्रमण के बारे अवगत कराते हुए, इस बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए प्रयास करने हेतु जानकारी दिया गया। चिकित्सक द्वारा जेल मे निरूद्ध बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सचिव अंकिता मुदलियार के द्वारा जागरूकता शिविर में बंदियों को प्राप्त होने वाले निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह के विषय में विस्तार से जानकारी दिया गया। जेल में निरूद्ध बंदियों को आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत को देखते हुए, राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। जागरूकता शिविर कार्यक्रम में सचिव अंकिता मुदलियार, प्रतिधारक अधिवक्ता मुकेश गोयल, जेल अधीक्षीका शोभा रानी, जिला चिकित्सा से काउंसलर कान्ति तिवारी, पुष्पा पटेल, एवं लेब टेक्नीशियन मनोज प्रधान, एनजीओ से निश्चय समिति के प्रोग्राम मैनेजर रूमाबोस एवं हेमन्त तिवारी, तथा पैरालीगल वालिंटियर हरीश षडंगी, आयुश देवांगन, मोनू पटेल और जेल मे निरूद्ध बंदी उपस्थित रहे।



## जिला स्तरीय महिला उत्पीड़न निवारण एवं अनैतिक व्यापार रोकथाम समिति का पुनर्गठन

- पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने प्रशासन की पहल

**रायगढ़, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को समयबद्ध सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने जिला स्तरीय महिला उत्पीड़न निवारण एवं अनैतिक व्यापार रोकथाम समिति का पुनर्गठन किया है। यह पुनर्गठन छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में किया गया है। नई समिति में जिले के प्रमुख प्रशासनिक विभागों, कानून विशेषज्ञों, सामाजिक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं तथा स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है ताकि महिला-संबंधी संवेदनशील मुद्दों पर समन्वित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। गठित समिति में जिला पुलिस अधीक्षक, रायगढ़ को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह समिति में जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक आयुक्त जिला संयोजक, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा उप संचालक, पंचायत एवं समाज सेवा रायगढ़ को सदस्य बनाया गया है। समिति में जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सदस्य सचिव होंगे। समिति में विशेषज्ञों और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है, जिससे निर्णय प्रक्रिया अधिक संवेदनशील और व्यावहारिक बन सके। इनमें डॉ. पूजा अग्रवाल महिला चिकित्सक, रितू सिंह-वकील, शोभा शर्मा, महिला शक्ति स्व-सहायता समूह, रियापारा, श्यामा उरांव-ओपी जिंदल समाज कल्याण समिति, रोहिणी चंद्रा, नवापारा छाल-धरमजयगढ़ एवं सुखदाई चौहान, ग्राम कुसमुरा पो.कोतरा को सदस्य बनाया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि समिति द्वारा महिला उत्पीड़न एवं अनैतिक व्यापार से जुड़े मामलों की सतत् समीक्षा की जाएगी। इसके लिए समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित की जाएगी, वहीं आवश्यकता पड़ने पर आपात बैठकें भी बुलाई जाएंगी। बैठक में मामलों की गंभीरता, कार्यवाही की प्रगति, पीड़ितों को दी गई सहायता और विभागीय समन्वय की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### मृदा स्वास्थ्य दिवस पर कृषक संगोष्ठी में

# किसानों को दिया गया जैविक खेती का संदेश




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 8 दिसम्बर।** विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज कृषि विज्ञान केन्द्र के सभाकक्ष तथा विकासखण्ड तमनार के ग्राम-पड़िगांव में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता के साथ ही पड़िगांव में कृषक संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें 50 से अधिक प्रगतिशील किसान एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी. एस. राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता लगातार प्रभावित हो रही है। इसलिए मृदा परीक्षण के अनुसार जैविक खाद एवं जीवांश पदार्थों का उपयोग जरूरी है। डॉ.के.के. पैकरा ने वैज्ञानिकों द्वारा अनुशंसित उर्वरक मात्रा के अनुसार ही उपयोग करने पर जोर देते हुए कहा कि जैव उर्वरक पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संगोष्ठी का मुख्य संदेश ÷मिट्टी एवं पानी-जीवन के स्त्रोत÷ की थीम पर केंद्रित रहा। वैज्ञानिकों ने बताया कि असंतुलित रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक के अत्यधिक उपयोग से मृदा स्वास्थ्य में गिरावट आ रही है। किसानों को फसल अवशेष न जलाने के लिए प्रेरित किया गया तथा इफ्को, जिला रायगढ़ के सहयोग से वेस्ट डीकम्पोजर का वितरण कर फसल अवशेषों को कार्बनिक खाद में बदलने की वैज्ञानिक विधि समझाई गई।

विशेषज्ञों ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से कार्बन डाईऑक्साइड, मोनो ऑक्साइड एवं ब्लैक कार्बन जैसी गैसें उत्सर्जित होती हैं, जिनका मानव व मृदा स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस समस्या का स्थायी समाधान जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाना है। कार्यक्रम में बीज उपचार, कतार बोनी, एवं जैव उर्वरकों के महत्व पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने वैज्ञानिक खेती की तकनीकों को अपनाने तथा मृदा संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के उदित नगाइच, इफ्को प्रबंधक भूपेन्द्र पाटीदार तथा केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. के.के. पैकरा, डॉ. मनीषा चौधरी, डॉ. सी.पी.एस. सोलंकी, डॉ. के.एल. पटेल एवं नीलकमल पटेल उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### क्षितिज अपार संभावनाएं: 10 वीं व 12 वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांगों की सूची जारी

- 12 दिसम्बर तक मंगाया गया है दावा-आपत्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 8 दिसम्बर।** क्षितिज अपार संभावनाएं योजनान्तर्गत जिले के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों की सूची जारी की गई है। ऐसे दिव्यांग छात्र-छात्राओं को क्रमशः 2 हजार एवं 5 हजार रुपये एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदाए किए जाने का प्रावधान है। उक्त सूची के संबंध में यदि किसी दिव्यांग छात्र-छात्रा को आपत्ति हो तो वे समुचित प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण रायगढ़ में 12 दिसम्बर 2025 तक कार्यालयीन समय में दावा-आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

उप संचालक समाज कल्याण ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं में माध्यमिक परीक्षा कक्षा 10 वीं में अभिनव विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल पुसौर रायगढ़ की छात्रा कु.सत्यरेखा भास्कर 95.5 प्रतिशत एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोरडा, घरघोड़ा के छात्र ओम गोपाल राठिया 79.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसी तरह उच्चतर माध्यमिक परीक्षा कक्षा 12 वीं में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लैलूंगा से कु.रुकमणी यादव 94 प्रतिशत एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल पुसौर से आशीर्वाद तूरपाटी 90 प्रतिशत प्राप्त किया है।

### घरघोड़ा में दो दिवसीय जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह



- लोस सांसद राधेश्याम राठिया ने खिलाड़ियों का बढ़ाया मनोबल, विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 7 दिसम्बर।** जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन 5 एवं 6 दिसम्बर को हाईस्कूल मैदान, घरघोड़ा में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। महोत्सव का शुभारंभ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने किया। प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन, लंबी कूद, गेड़ी दौड़, फुगड़ी दौड़, वॉलीबॉल, रस्साकशी सहित एकल एवं सामूहिक खेल विधाओं को शामिल किया गया, जिसमें लगभग 729 महिला एवं पुरुष प्रतिभागी खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांसद राठिया ने विजेता खिलाड़ियों को मोमेन्टो एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। सांसद राधेश्याम राठिया ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मैदान पर सीखे गए खेल जीवन भर मार्गदर्शन करते हैं। खिलाड़ी अपनी मेहनत, लगन और सकारात्मक सोच से न केवल अपने माता-पिता का, बल्कि पूरे जिले और देश का गौरव बढ़ा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि खेल हमें गिरकर भी उठने की शक्ति देता है और चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करना सिखाता है। जीत या हार से अधिक महत्वपूर्ण है खिलाड़ी का प्रयास, जज्बा और खेल भावना। सांसद राठिया ने सभी प्रतिभागियों को नई ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। महोत्सव के समापन समारोह में पहुंचे नगर निगम के महापौर जीवर्धन चौहान ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

#### ये रहे विजेता खिलाड़ी

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 5 दिसम्बर को आयोजित महिला वर्ग की खेल प्रतियोगिता में कुल 364 प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। महिला वर्ग की व्यक्तिगत खेल प्रतियोगिता में 100 मी. दौड़( 15 से 20 वर्ष आयु वर्ग) में प्रथम स्थान रागिनी राठिया( तमनार), द्वितीय स्थान पीहू दास (द्वितीय), तृतीय स्थान विनिता सरल( पुसौर), 100मी दौड़( 21 से 35 आयु वर्ग में) प्रथम स्थान पूर्णिमा चौहान( पुसौर), द्वितीय स्थान वर्षा नायक( रायगढ़), तृतीय।

## ग्रामीण महिलाओं को दिया गया उद्योग सखी आवासीय प्रशिक्षण



- ग्रामीण महिलाओं को कृषि-आधारित उद्यमिता से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 8 दिसंबर।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में 2 से 5 दिसंबर 2025 तक शहीद वीर नारायण सिंह सामुदायिक भवन, नगर पालिका निगम धमतरी में उद्योग सखी चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिला किसानों एवं बिहान समूहों को कृषि आधारित उद्यमिता, प्रसंस्करण और विपणन से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में बिहान समूह से जुड़े 40 ग्रामों की उद्योग सखियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और उद्यमिता विकास के विभिन्न आयामों पर तकनीकी व व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान राज्य प्रशिक्षक सुश्री दीप्ति रंजन ने उच्च गुणवत्ता वाले कृषि पौधों के उत्पादन, प्रसंस्करण तकनीक, पौध संरक्षण एवं मूल्य संवर्धन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कृषि आधारित उत्पादों के विपणन और ब्रांडिंग पर आयोजित विशेष सत्र में जिला कार्यक्रम प्रबंधक (अजीविका) अनुराग मिश्रा ने फैसिलिटेटर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बाजार मांग विश्लेषण, आकर्षक पैकेजिंग-ब्रांडिंग, गुणवत्ता मानक और बाजार तक पहुँच बढ़ाने के व्यावहारिक उपायों पर विस्तृत जानकारी दी, जो प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभदायक साबित हुई।

### वीर शहीदों की स्मृति में तथा सेवारत और भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान में मनाया गया सशस्त्र सेना झंडा दिवस

# रायगढ़ के हॉनरी सूबेदार मेजर सुखू राम बारबा उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित

- अमर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया नमन



रायगढ़, 8 दिसम्बर। मातृभूमि की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में तथा सेवारत और भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान में आज जिले में सशस्त्र सेना झंडा दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कलेक्टोरेट परिसर स्थित सृजन सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम श्री अपूर्व टोप्पो ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के अमर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने सैनिकों के अद्वितीय योगदान और उनके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सेना परिवार से जुड़ाव गर्व का विषय है। उन्होंने सैनिकों के सर्वांगीण सहयोग का आश्वासन देते हुए नागरिकों से उनका सम्मान बनाए रखने का आग्रह किया।

एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रवीण तेवतिया ने सैनिकों के बलिदान को याद करते हुए समाज के सभी वर्गों से उनके प्रति सम्मान और सहयोग की भावना बनाए रखने की अपील की। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर हरीशचंद्र तिवारी ने झंडा दिवस का इतिहास और महत्व विस्तार से बताया। उन्होंने लोगों से उदारतापूर्वक दान कर सैनिकों के योगदान को सम्मानित करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर रायगढ़ के हॉनरी सूबेदार मेजर सुखू राम बारबा (विशिष्ट सेवा पदक) को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, भूतपूर्व सैनिकों और एनसीसी कैडेट्स के साथ गांधी चौक में जनसहभागिता अभियान आयोजित किया गया। इसमें नागरिकों को झंडा दिवस अभियान में भाग लेकर सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

गौरतलब है कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर टोकन झंडा वितरण द्वारा एकत्रित दान राशि वीर शहीदों, भूतपूर्व और सेवा निवृत्त सैनिकों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाओं में उपयोग की जाती है। जिले के सभी शासकीय कार्यालय, उद्योग-धंधे, विद्यालय, महाविद्यालय और निजी संस्थान झंडा वितरण कर सहयोग के लिए आमंत्रित किए गए हैं। कार्यक्रम में एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रवीण तेवतिया, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर हरीशचंद्र तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक उद्योग श्रीमती अंजू नायक, उपायुक्त नगर निगम, जिला कोषालय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़, भूतपूर्व सैनिक और एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

एक नजर

## संयुक्त टीम ने बिचौलिए से 24.99 लाख मूल्य का 1055 क्विंटल अवैध धान किया जब्त

**रायपुर,08 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार भाटापारा कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा कोचिये आउट बिचौलिए पर.कड़ी निगरानी की जा रही है। शनिवार को राजस्व अनुभाग भाटापारा एवं पलारी में बिचौलिए से 24.99 लाख रुपये के 1055 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुभाग भाटापारा में एसडीएम श्यामा पटेल के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य एवं मण्डी की संयुक्त टीम ने भव्य ट्रेडर्स सूरजपुरा से 28 क्विंटल अवैध धान मूल्य 66332 रुपये का जब्त किया गया।खैरा के माखन गिरि गोस्वामी से 16.40 क्विंटल अवैध धान मूल्य 38851 एवं रिद्धि सिद्धि एग्रो इंडस्ट्रीज से 23,74,183 रुपये मूल्य का 1000 क्विंटल अवैध धान जब्त कर गोदाम सील किया गया।अनुविभाग पलारी में ग्राम जर्वे के जलेश्वर साहु के दुकान से 11.2 क्विंटल अवैध धान मूल्य 25760 रुपये जब्त कर जर्वे के बालकदास को सुपुर्द किया गया।

## अलसुबह कलेक्टर ने धनवार व चुना पाथर चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

**बलरामपुर,08 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने आज अलसुबह विकासखण्ड वाड्रफनगर से लगे अंतरराज्यीय चेक पोस्ट धनवार का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री कटारा ने चेक पोस्ट में तैनात कर्मचारियों से जांच प्रक्रिया तथा सुरक्षा की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने धान के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कटारा ने कहा कि धान खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अवैध परिवहन पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच प्रक्रिया, सीसीटीवी, वाहनों के प्रवेश-निकास पंजी तथा कर्मचारियों की ड्यूटी सूची का भी अवलोकन किया। उन्होंने चेक पोस्ट में संबंधितों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे हर स्थिति में सतर्क रहें और आने-जाने वाले सभी वाहनों की सघन जांच सुनिश्चित करें। उन्होंने कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का गंभीरता से पालन करने और ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने को कहा। कलेक्टर श्री कटारा ने कहा कि यदि किसी वाहन में धान या अन्य कृषि उपज परिवहन का संदेह हो, तो उसकी पूरी जांच करे। उन्होंने संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच कार्यवाही पारदर्शी, त्वरित और निर्धारित नियमों के अनुरूप हो। इस दौरान कलेक्टर ने चुना पाथर चेक पोस्ट का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी दिए।

## पंचायतों में ग्रामीणों को दी गई मनरेगा के प्रावधानों की जानकारी

**बलरामपुर,08 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में आज मनरेगा दिवस का आयोजन किया गया। विकासखण्ड वाड्रफनगर अंतर्गत सभी 95 ग्राम पंचायतों में मनरेगा रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मनरेगा के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रत्येक ग्राम पंचायत में चस्पा किए गए क्यू आर कोड को स्कैन कर मनरेगा से संबंधित जानकारी प्राप्त करने की विधि भी ग्रामीणों को भी बताई गई। इस दौरान ग्रामीणों को अधिक से अधिक मांग पत्र ग्राम पंचायत में जमा, स्थानीय स्तर पर रोजगार प्राप्त करने, महिलाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने प्रेरित किया गया। साथ ही मनरेगा अंतर्गत कार्यरत 100 प्रतिशत श्रमिकों का ई-केवाईसी पूर्ण कराने पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मोर गांव मोर पानी अभियान को और अधिक से अधिक गति देने के उद्देश्य जल संरक्षण से संबंधित कार्यों के चयन एवं निर्माण पर जानकारी दी गई। आजीविका संवर्धन हेतु डबरी निर्माण, तालाब गहरीकरण, जल संग्रहण संरचनाओं एवं अन्य जल संरक्षण कार्यों के लिए हितग्राहियों को जागरूक किया गया। युक्त धारा पोर्टल के माध्यम से आगामी वित्तीय वर्ष के लिए कार्ययोजना बनाने की प्रक्रिया को भी विस्तार से बताया गया। जिससे विकास कार्यों की बेहतर योजना बनाई जा सके। गौरतलब है कि जनपद पंचायत वाड्रफनगर 22 हजार 850 सक्रिय जॉब कार्ड एवं 41 हजार 920 सक्रिय श्रमिक पंजीकृत है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, सचिव, रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डिप्टी सीएम शर्मा और सांसद ने राजनांदगांव बायपास से नवीन बाजार तक गौरव पथ निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 08 दिसंबर।** कवर्धा शहर के विकास को नई ऊँचाई देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्माने आज 10 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बहुप्रतिक्षित राजनांदगांव बायपास (पिलारी नहर) से नवीन बाजार तक गौरव पथ निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में सांसद श्री संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के साथ कवर्धा के विकास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में शहर अब उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि गौरव पथ केवल एक सड़क नहीं, बल्कि कवर्धा शहर के भविष्य को गति देने वाला विकास का मार्ग है। लोहारा रोड बायपास से नवीन बाजार तक बनने वाला यह मार्ग शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाएगा, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाएगा और शहर की सुंदरता को नई चमक देगा।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सांसद संतोष पाण्डेय के अथक प्रयासों से गौरव पथ निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि कवर्धा शहर में दो आधुनिक चौपाटियों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही भारत माता चौक से समनापुर तक 2 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि कवर्धा को मेडिकल कॉलेज की एक बड़ी सौगात मिली है। कवर्धा के प्राचीन बूढ़ा महादेव परिसर में कांवरिया श्रद्धालुओं हेतु सुविधाओं के निर्माण का कार्य किया जाएगा। भोरमदेव पर्यटन क्षेत्र के उन्नयन हेतु 146 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है स्वच्छता के क्षेत्र में जनसहयोग आवश्यक है। प्रत्येक वार्ड और हर गली को स्वच्छ बनाने के लिए जनजागरण तथा सामुदायिक सहयोग अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध रूप से करें। सांसद संतोष पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वास्तव में आज कवर्धा शहर अभूतपूर्व विकास की दिशा में अग्रसर है। 11 दिसंबर को मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे, जो कवर्धा के स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि 10 करोड़ 73 लख रुपए के लागत से बनने वाला गौरव पथ रोड विकसित कवर्धा के रूप में कवर्धा शहर की पहचान बनेगी। गौरव पथ के निर्माण से कवर्धा शहर में विकास को नई दिशा मिलेगी। यह परियोजना न केवल यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाएगी, बल्कि शहर के बुनियादी सुविधाओं को भी सुदृढ़ करेगी। लोहारा रोड बायपास से नवीन बाजार तक गौरव पथ का निर्माण शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व सांसद संतोष पाण्डेय के विशेष प्रयासों से कवर्धा शहर को विकास के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक सौगात मिली है। इस अवसर पर अध्यक्ष कृषक कल्याण बोर्ड सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, राजेंद्र चंद्रवंशी अशोक साहू, पूर्व विधायक सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुष्मा बघेल, अनिल सिंह ठाकुर, देवकुमारी चंद्रवंशी एवं श्रीमती सतविंदर पाहुजा, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### डिप्टी सीएम शर्मा के प्रयासों से धरातल पर उतर रही युवाओं के सर्वांगीण विकास की योजनाएं

# 4 करोड़41 लाख रुपए की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 08 दिसंबर।** उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा के बीते दो वर्षों के प्रयासों ने कवर्धा में युवाओं के सर्वांगीण विकास की एक नई इबारत तैयार हो रही है। युवाओं व विद्यार्थियों के खेल तथा शिक्षा सुविधाओं को सुदृढ़ करने के ध्येय के साथ धरातल पर उतरती योजनाओं ने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। जिनमें आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नालंदा परिसर का निर्माण, विद्यार्थियों के लिए हाई टेक स्मार्ट क्लास, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भोरमदेव विद्यापीठ का संचालन, खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए कई जगहों पर मिनी स्टेडियम का निर्माण के साथ एस आई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी करवाने जैसे कार्य शामिल हैं। यह सभी विकास कार्य बताते है कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा में पिछले दो वर्षों में शिक्षा, खेल, युवा सशक्तिकरण और आधारभूत विकास के क्षेत्र में कई दूरगामी पहल की गयी है। उनका यह प्रयास न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत और उम्मीदों से भरा आधार तैयार कर रहा है।

कवर्धा में छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विस्तार देते हुए 4 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत से नालंदा परिसर निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। भूमिपूजन के पश्चात अब निर्माण कार्य तेजी से शुरू कर दिया है। नालंदा परिसर भविष्य में विद्यार्थियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक गतिविधियों और संसाधनों का केंद्र बनेगा। यहां छात्रों को उन्नत लाइब्रेरी, डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त संसाधन मिलेंगे। जो छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा और उच्च शिक्षा की तैयारी के लिए एक मजबूत बुनियाद तैयार करने में सहायक सिद्ध होंगे।

खेल सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देते हुए कवर्धा विधानसभा के अनेक ग्रामों में मिनी स्टेडियमों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन स्टेडियमों के निर्माण से ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण और अभ्यास के लिए उपयुक्त वातावरण मिलेगा। यह प्रयास स्थानीय युवाओं को खेल की मुख्यधारा से जोड़ने और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की स्पष्ट सोच है कि आ संसाधनों के कमी के चलते जिले के होनहारों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में कहीं कमी न हो। वे इस ध्येय को धरातल पर मूर्त रूप देने का कार्य भोरमदेव विद्यापीठ संचालन की पहल से कर रहे हैं।प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए समग्र संसाधन केंद्र के रूप में तैयार हुआ है। भोरमदेव विद्यापीठ के माध्यम से प्रति वर्ष 200 प्रतिभावान युवाओं को सीजी पीएससी और सीजी व्यापम परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस पहल से ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के छात्रङ्कछात्राओं को उच्च गुणवत्ता की कोचिंग मिल रही है और सिविल सेवा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं को हासिल करने का रास्ता उनके लिए आसान हुआ है।अनुभवी शिक्षक, सटीक रणनीति, सिलेबस के अनुसार स्टडी मटेरियल और मार्गदर्शन प्रतिभागियों की तैयारी पुख्ता हो रही है।

शिक्षा के आधुनिकीकरण को ध्यान में रखते हुए कवर्धा विधानसभा के 50 सरकारी स्कूलों में बड़े निजी स्कूलों की तर्ज पर स्मार्ट क्लासरूम स्थापित किए गए हैं। इससे विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से सीखनेङ्कसमझने का अवसर मिल रहा है। स्मार्ट क्लासरूम बच्चों को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ते हुए शिक्षा को अधिक रोचक, प्रभावी और बहुआयामी बना रहे हैं। छह वर्षों से लंबित 975 पदों की एसआई भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाना और उसका परिणाम जारी कराना उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से संभव हुआ है। इस भर्ती में कबीरधाम जिले के 40 युवाओं का चयन होना पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि युवाओं के मन में नई ऊर्जा और विश्वास भरती है कि युवाओं के रोजगार के अवसर मजबूत हो रहे हैं। सुदूर वनांचल झलमला में नए कॉलेज खोले जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिससे आदिवासी क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं, कवर्धा के पीजी कॉलेज के विस्तार कार्य में भी तेजी लाई गई है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएँ एवं अधिक विषयों में अध्ययन का अवसर उपलब्ध होगा।

# स्वेच्छाचार की गोद में कभी भी सत्य का उदय नहीं होता:संत निरंजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**उतई 08 दिसंबर।** ग्राम पाऊवारा में आयोजित किए जा रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चतुर्थ दिवस में भगवान ध्रुव चरित्र की कथा व्यासपीठ से बताया उत्तान पाद की पत्नि सुरुचि सुनीति उत्तम - ध्रुव की आख्यान में प्रकाश डालते हुए महाराज जी ने कहा ध्रुव सत्य है सुरीचि अर्थात स्वेच्छाचारी कभी सत्य को नही प्राप्त कर सकता' नीति पथ में चलकर कर ही साधक सिध्द बन जाता है। अनीतिपथ का सहारा लेने वाले कभी सुखी नही हो सकता।

स्वेच्छारी को अपने मन के भावनाओं के साथ जो रुचिकर लगे वही करता है पहले तो हर कार्य उत्तम लगता है बार में परिणाम बुरा होता है।

नीतिपथ का पथिक शाश्वत सुख की अनुभूति करते हुए आनंद पूर्वक जीवन व्यतीत करता है।

जीव ही उत्तान पाद है रुचि के वश में रहम कष्ट उठाता है और नीति के सहारे जी कर जीवन को सुन्दर बनाता है। शास्वत सुख नीति पथ में चलने वाले ही प्राप्त कर सकते हैं।

संत निरंजन महाराज जी कथा में आगे बताया की संसार के भटके हुए जीवो को मधुवन में ले जाने वाले गुरु होते हैं। नारद जी के साथ ध्रुव जी का मिलने की कथा के माध्यम से भक्त और भगवान की महिमा का बखान किया।

उपासना से चित्त निर्मल होता है चित्त निर्मल होने पर ही ज्योति स्वरूप, प्रकाशरूप ईश्वर का दर्शन होता है। एक भक्त की आराधना सारे विश्व की आराधना बन जाती है। एक व्यक्ति के सत्कर्म का प्रभाव परिवार, समाज और विश्व पर पढ़ता है। आध्यात्म की ओर झुकने वाले साधक पूरे संसार के लिए कल्याण की भावना रखता है। भक्त ध्रुव की आख्यान बच्चों को अवश्य सुनाना चाहिए ताकि आने वाला जीवन सुखमय हो और राष्हित में प्रत्येक व्यन्ति का कदम अग्रसर हो। अनन्त काल से जीव अपने स्वरूप के लिए ही विचरता है मनुष्य जीवन में ही ज्ञान, ध्यान, भक्ति संभव है।

इस अवसर पर कसडोल विधायक संदीप साहू, चंद्रपुर विधायक राम कुमार यादव, अध्यक्ष रजक कल्याण बोर्ड प्रहलाद रजक, पूर्व अध्यक्ष जिला महासमुंद रश्मि चन्द्रकार, भगवाताचार्य सुश्री गरिमा शर्मा, जिला पंचायत सदस्य उषा बंजारे, पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पा यादव, शेमसर कुरैशी, रूप नारायण शर्मा, टीका राम सेन, कैलाश नहाटा, झुमुक लाल साहू, रुपेश देशमुख सहित सैकड़ो श्रोता गण उपस्थित थे।आयोजन कर्ता पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, मोखन साहू, पूरन साहू, जितेंद्र साहू, सरिता साहू, भूषण साहू, योगिता साहू, हर्ष साहू, केशर साहू, जनपद के पूर्व अध्यक्ष देवेंद देशमुख, नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा, डिकेंद्र हिरवानी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, राम कली यादव, जनपद पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जनपद सदस्य झमीत गायकवाड सहित अन्य शामिल हुए।

### उपार्जन केंद्र में धान बेचना सुविधाजनक एवं आसान : किसान भारत पुरले

# पारदर्शी एवं सुगम धान खरीदी व्यवस्था ने बढ़ाया किसानों का विश्वास

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 08 दिसंबर।** किसानों को बेहतर एवं पारदर्शी खरीदी व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत मुंगेली जिले में धान खरीदी सुव्यवस्थित, निष्पक्ष और पूर्णतः किसान-हितैषी वातावरण में जारी है। जिले की 66 प्राथमिक समितियों के 105 उपार्जन केंद्रों में निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है, जिसमें किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। सभी उपार्जन केंद्रों में टोकन व्यवस्था, उच्च गुणवत्ता की जांच, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनें, पेयजल, छाया, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं, जिससे किसानों को बिना लंबी प्रतीक्षा के कतारमुक्त, सहज और पारदर्शी प्रक्रिया का लाभ मिल रहा है। धान की खरीदी के साथ ही उपार्जन केंद्रों में माइक्रो एटीएम सेवा उपलब्ध कराई गई है, जहाँ किसान एटीएम कार्ड या चेक बुक से अपनी राशि तुरंत प्राप्त कर रहे हैं, जिससे भुगतान में तेजी और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। गीधा उपार्जन केंद्र पर धान विक्रय करने पहुंचे ग्राम कपुवा के किसान श्री भारत पुरले ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष 66 क्विंटल से अधिक धान का विक्रय किया है। उन्होंने खरीदी प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि इस वर्ष खरीदी केंद्रों की व्यवस्था पहले से अधिक पारदर्शी और सरल है। उपार्जन केंद्र में धान बेचना सुविधाजनक एवं आसान है। टोकन व्यवस्था से लाइन में खड़े होने की परेशानी समाप्त हो गई है। इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों से तौल पूरी तरह सटीक और निष्पक्ष हो रही है। भुगतान प्रक्रिया भी पहले से कई गुना तेज़ और सुगम हुई है। समितियों में लगे माइक्रो एटीएम से राशि निकालने में बिल्कुल भी दिक्कत नहीं आती। उन्होंने आगे बताया कि प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी एवं ?3100 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य ने किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत आधार प्रदान किया है। साथ ही धान की उठाव प्रक्रिया भी तेजी से संचालित होने के कारण उपार्जन केंद्रों में व्यवस्था और बेहतर हो गई है।

## पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था के लिए प्रशासन हुआ सख्त

**बलरामपुर,08 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के निर्देशन में जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने सभी अंतरराज्यीय सीमाओं एवं चेक पोस्टों पर चौकसी को और मजबूत करते हुए 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके तहत संदिग्ध वाहनों, परिवहन गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पारदर्शी एवं निष्पक्ष धान खरीदी नीति के तहत अब तक जिले में कुल 76 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें 10654.10 क्विंटल अवैध धान एवं 29 चार पहिया वाहन व 10 दोपहिया कुल 39 वाहनों को जब्त किया गया है, जो कि प्रशासन की सतत निगरानी तथा संयुक्त दलों की सक्रियता का परिणाम है। कलेक्टर श्री कटारा के मार्गदर्शन में सभी अंतरराज्यीय एवं आंतरिक चेक पोस्टों पर भी टीमों को तैनात किया गया है। साथ ही प्रत्येक अनुविभाग में गठित निगरानी दल रात्रि कालीन गश्त के साथ ही आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही हैं और मंडी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री कटारा ने आम नागरिकों एवं किसानों से अपील की है कि यदि अवैध धान परिवहन या भंडारण से संबंधित कोई भी संदिग्ध गतिविधि या सूचना मिले तो तुरंत सूचित करें। जिसमें सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

समाचार संक्षेप

## शिशु मंदिर के मेधावी युवाओं ने भरी प्रशासनिक सेवा की उड़ान, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने दिया आशीर्वाद



**रायपुर, 08 दिसंबर।** प्रदेश के विभिन्न शिशु मंदिर विद्यालयों में अध्ययन कर PSC 2025 में सफलता प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों ने आज शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव से उनके रायपुर स्थित शासकीय निवास में सौजन्य भेंट की। मंत्री श्री यादव ने सभी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा प्रशासनिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने हेतु प्रेरित किया। नवा रायपुर स्थित आवास में आयोजित इस मुलाकात के दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिशु मंदिर संस्थान विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए शिक्षा के साथ संस्कार, राष्ट्रप्रेम और अनुशासन का अद्भुत समन्वय प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा पद्धति विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में सफलता ही नहीं दिलाती, बल्कि उन्हें भविष्य में सशक्त समाज एवं राष्ट्र निर्माण में प्रभावी भूमिका निभाने योग्य भी बनाती है। मंत्री श्री यादव ने आगे कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को अवसर, प्रोत्साहन और संसाधन उपलब्ध कराने निरंतर प्रयासरत है। प्रशासनिक सेवाओं में युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार शिक्षा, प्रशिक्षण एवं कौशल वृद्धि के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहलें कर रही है। कार्यक्रम में विद्या भारती प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. देव नारायण साहू एवं विद्या भारती क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्री जुड़ावन सिंह ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों वरिष्ठ पदाधिकारियों ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए राष्ट्रहित में सेवाभाव से कार्य करने का आग्रह किया।

## जनहित से जुड़े समस्याओं का निराकरण करना हमारी प्राथमिकता: पद्मिनी

**कोरबा 08 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के नगर पंचायत क्षेत्र छुरीकला अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन ने कहा है कि नगरी क्षेत्र में बुनियादी जरूरत को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में कार्य कराए जा रहे हैं। सभी तरह की समस्याओं का निराकरण करना हमारी प्राथमिकता का हिस्सा है। पद्मिनी ने बताया कि नगर के कुछ हिस्सों में लंबे समय से विभिन्न प्रकार की समस्याएं विद्यमान रही। अध्यक्ष निर्वाचित होने के साथ हमने इन समस्याओं को न केवल लिस्टेड किया बल्कि इस बारे में कार्य योजना बनाने के साथ रणनीति तैयार की, ताकि बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हो सके। नगर के कुछ क्षेत्रों में जल उपलब्धता से संबंधित समस्याएं बनी थी इनके समुचित समाधान के लिए हर संभव प्रयत्न किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार में जनता से जुड़ी समस्याओं और जरूरत के समाधान के लिए किसी भी स्तर पर धन की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री से लेकर नगरीय विकास मंत्री और हमारे जिले से प्रतिनिधित्व करने वाले कैबिनेट मंत्री का भरपूर सहयोग स्थानीय विकास के मामले में लगातार मिल रहा है। पद्मिनी ने बताया कि वर्तमान में स्थानीय मुख्य मार्ग की बेहतरी के लिए कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के सफल कार्यकाल के 2 वर्ष 12 दिसंबर को हो रहे हैं। इस मौके पर हम स्थानीय स्तर पर कुछ अच्छा करने की कोशिश में है।

## बालको में अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस मनाया गया

**कोरबा 08 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पीएमश्री सेजेस बालको नगर कोरबा में अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य श्रीमती मनोकान्ता पाल तथा सम्माननीय अतिथियों में, घनश्याम श्रीवास, श्रीमती निहारिका शुक्ला तथा मनोज वैष्णव उपस्थित रहे। घनश्याम श्रीवास द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस के परिपेक्ष पर विस्तार से व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान में उन सभी पहलुओं का विस्तार से व्याख्या की गई जिसकी आज के समय में आवश्यकता है। बढ़ती हुई आबादी और मृदा का प्रयोग जिस तरह से किया जा रहा है और भूमि पर उसके दुष्प्रभाव की गंभीरता से अवगत कराया। प्राचार्य मनोकांता पाल ने विद्यार्थियों को बताया कि, मृदा प्राकृतिक तत्व है इसके निर्माण में हजारों वर्ष लग जाते हैं। हम मिट्टी में पैदा होते हैं और मिट्टी ही हमारी जीवन का आधार है और अंत में हम पुनः मिट्टी में ही समा जाते हैं । आज जिस तरीके से अनाज उत्पादन के लिए रसायन का उपयोग किया जा रहा है जिसके कारण मिट्टी प्रदूषित हो रही है, उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है । साथ ही अधिक उत्पादन के लिए हम ,वर्ष में कई फसलें ले रहे हैं इससे भी मृदा प्रभावित हो रही है। इसका संरक्षण तथा उचित उपयोग करने की दिशा में विस्तार से विद्यार्थियों को दिशा प्रदान किया गया। अतिथियों के समक्ष विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने मृदा के सही उपयोग करने तथा रसायन के गलत उपयोग करने से बचने तथा भविष्य के लिए मृदा को सुरक्षित रखने हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन निहारिका शुक्ल तथा आभार प्रदर्शन मनोज वैष्णव ने किया।

## मजदूर संगठन, इकाईयों की बनेगी नई कार्यकारिणी

**कोरबा 08 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन कोरबा, कुसमुंडा क्षेत्र में नई कार्यकारिणी बनाने का कार्य शुरु हो चुका है। कुसमुंडा जीएम शाखा में मनीराम व सतीश राजपूत को जिम्मेदारी दी गई है। इसके बाद अब कुसमुंडा प्रोजेक्ट में नई कार्यकारिणी बनाई जाएगी। यहां पर राहुल वर्मा, मोरध्वज भार्गव के पास दायित्व है। पिछले दिनों दूसरे संगठन के लोग बीकेकेएमएस में आए हैं इसलिए इन नए चेहरों को कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा। यहां के हिरेंद्र चंद्रा, अमिया मिश्रा के नेतृत्व में बीकेकेएमएस काफी मजबूत हुआ है। दीपका-कुसमुंडा क्षेत्र के महामंत्री रंजय सिंह ने रजगामार इकाई में सबसे पहले चुनाव कराया था। जिसमें सपन जैना, शिवदयाल साहू को जिम्मेदारी दी गई है। जबकि प्रभारी उत्तम कुलदीप को बताया गया है। जीएम शाखा कोरबा में भी भुवनेश्वर कश्यप को जिम्मेदारी मिलने के बाद यहां की सदस्य संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। इन दोनों स्थानों पर बीकेकेएमएस का ग्राफबढ़ा है।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री आवास में गड़बड़ी, निगम मुख्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन

**रायपुर, 7 दिसंबर।** आज नगर निगम कार्यालय के समक्ष प्रधानमंत्री आवास में गड़बड़ी को लेकर धरना एवं प्रदर्शन किया गया। पीड़ित परिवारों ने निगम प्रशासन के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस के बैनर तले आज नेताप्रतिपक्ष आकाश तिवारी के नेतृत्व में पीड़ित परिवारों के लोगों ने नगर निगम के सामने धरना प्रदर्शन किया। पीड़ित परिवारों का आरोप है कि चंगोराभाठा में प्रधानमंत्री आवास में भारी घोटाला किया गया है, नगर निगम प्रशासन द्वारा इस स्कीम का संचालन किया जाता है, जिसमें गरीबों को मकान निर्माण करने के लिए एक बड़ी राशि दी जाती है। सरकार के द्वारा यह राशि नगर निगम प्रशासन को हस्तांतरित की जाती है। लेकिन नगर निगम हस्तांतरित नहीं की जाती है। हितग्राहियों का कहना है कि उन्हें भवन निर्माताओं को पैसा देना पड़ता है, इस समय भवन निर्माण सामग्री के भाव आसमान छू रहे हैं। कांग्रेस नेता कन्या अग्रवालन ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में गरीबों के साथ न्याय किया गया लेकिन भाजपा शासन काल में अन्याय हुआ है। हम गरीबों और हितग्राहियों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### जहाज का संकट केंद्र की एकाधिकार वाली नीति का परिणाम : दीपक बैज

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुये कहा कि एक कंपनी की हठधर्मिता के कारण आज पूरे देश में जहाजों की उड़ान का संकट पैदा हो गया है। यह मोदी सरकार के एक ही कंपनी को एकाधिकार देने का परिणाम है। मोदी सरकार में सरकारी विमान कंपनी इंडियन एयरलाइंस को बेच दिया आज 97 प्रतिशत भारतीय उड़ानो पर केवल दो कंपनियों का क़ब्ज़ा है उसमे भी लगभग 70 प्रतिशत अकेले इंडिगो का है। सरकार ने नियम बदला और इंडिगो ने देश की विमानन व्यवस्था को ठप्प कर दिया सरकार बेचारी बनी हुई है। आज इंदिरा गांधी होती तो इंडिगो को उसकी इस धृष्टता की सजा मिल चुकी होती इंडिगो का भारत सरकार अधिग्रहण कर चुका होता। विमान संकट एक चेतावनी है देश में कभी भी इंटरनेट संकट खड़ा हो सकता है, सरकार की नीतियों के कारण आज देश का 90 प्रतिशत इंटर नेट केवल दो कंपनियों जियो और एयर टेल के पास है। देश का अधिकांश कोयला पावर सप्लाई पर अंबानी का एकाधिकार है। मोदी सरकार ने पूरे देश की अर्थ व्यवस्था को निजी हाथों में सौप दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में धान खरीदी चल रही है छत्तीसगढ़ में किसानो की आय का सबसे बड़ा जरिया धान की खेती है। धान खरीदी को ले कर सरकार की नीयत में खोट दिख रहा है। बार-बार आगाह करने के बावजूद सरकार धान खरीदी की अव्यवस्था सुधारना नहीं चाह रही। सरकार घोषित नीति प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से खरीदी नहीं कर रही किसी भी सोसायटी में 16, से लेकर 19 क्विंटल से अधिक की खरीदी नहीं हो रही। धान बेचने के लिए किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा। बहुत से किसानों का आज भी धान बेचने के लिए एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पाया है वे भटक रहे। डबल इंजन की सरकार किसानो का पूरा धान नहीं ख़रीदना चाहती इसलिए जानबूझ कर परेशानी पैदा की जा रही।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रेल क्षमता बढ़ाई

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (दपूमरे), रायपुर मंडल ने निपनिया - भाटापारा ट्रिपल लाइन सेक्शन पर 15 किलोमीटर की नई 'स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली'को सफ्लतापूर्वक कमीशन कर दिया है। 6 और 7 दिसंबर के बीच पूरा किया गया यह प्रमुख बुनियादी ढांचा उन्नयन, सेक्शन में ट्रेनों की गति, सुरक्षा और परिचालन क्षमता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। थ्रुपुट और सुरक्षा में वृद्धि इस ट्रिपल-लाइन सेक्शन पर स्वचालित सिग्नलिंग में परिवर्तन ट्रेनों को कम अंतराल पर चलने की अनुमति देता है, जिससे 'हेडवे' (दो ट्रेनों के बीच का समय) काफ्री कम हो जाता है और कुल लाइन क्षमता बढ़ जाती है। 'स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली' का कार्य तीनों लाइंस में से एक-एक लाइन का 'डिसकनेक्शन ब्लॉक' लेकर सम्पूर्ण किया गया है ताकि यात्रियों को कम से कम व्यवधान हो।

### वेतन भुगतान में देरी से भड़का श्रमिकों का गुस्सा

**चरचा कॉलरी, 8 दिसम्बर।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा आरओ वेस्ट मुहाडे में वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी को लेकर श्रमिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। 7 दिसंबर को पांच श्रमिक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन का आह्वान किया गया था, लेकिन निर्धारित दिन पर सिर्फ बीएमएस यूनियन ही मैदान में उतरी। 8 दिसंबर की सुबह लगभग 6 बजे बीएमएस यूनियन के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कामगारों ने वेस्ट मुहाडे पर पहुंचकर धरना देकर जोरदार नारेबाजी की और प्रबंधन के खिलाफ विरोध दर्ज किया। आमतौर पर हर महीने श्रमिकों को 2 से 3 तारीख के भीतर वेतन भुगतान किया जाता है, लेकिन इस बार 8 दिसंबर तक भी मजदूरों को वेतन प्राप्त नहीं हुआ। इससे श्रमिकों में रोष व्याप्त है तथा घरेलू खर्च एवं आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण श्रमिक संगठनों ने वेतन भुगतान में लापरवाही कर रहे प्रबंधन के खिलाफ विरोध तेज कर दिया है। सूत्रों के अनुसार एसईसीएल के सभी क्षेत्रों में कामगारों का वेतन भुगतान कर दिया गया है, लेकिन बैकुंठपुर क्षेत्र में अब तक मजदूरों को भुगतान नहीं किया गया है, जिसके चलते श्रमिकों में आक्रोश बढ़ रहा है।

### कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने दिखाई सख्ती

# कांग्रेस सरकार में स्टेनो से अफसर बने कर्मचारी की पदोन्नति निरस्त





**रायपुर, 8 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन ने गोविंद गिलहरे की सहायक संचालक कृषि (लेखा/स्था.) के पद पर नियम विरुद्ध की गई पदोन्नति को निरस्त कर दिया है। इस मामले में जांच भी शुरू कर दी गई है। यह कार्यवाही गिलहरे को स्टेनो से एक झटके में अधिकारी बनाने के मामले में की गई है, और इसके पीछे पूर्व आईएएस टामन सोनवानी के प्रभावशाली कार्यकाल के कारनामों पर भी सवाल उठे हैं। जांच आदेश के अनुसार, नवा रायपुर, अटल नगर से जारी पत्र में उल्लेख है 2 नवम्बर 2020 को जारी पदोन्नति आदेश अमान्य और निरस्त किया गया है। इसके साथ ही विभाग ने इस मामले में उचित छानबीन और जांच करने के लिए समिति का गठन किया है।

#### समिति के सदस्य इस प्रकार हैं

सूर्यकिरण अग्रवाल, उप सचिव, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग (अध्यक्ष) विकास साहू, उप संचालक, कृषि, जैव उर्वरक एवं जैविक खाद परीक्षण एवं गुण नियंत्रण प्रयोगशाला रायपुर (सदस्य) अनुराधा नायक, उप संचालक, राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (सदस्य) समिति को 15 दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपनी है। इस मामले की शिकायत कृषि मंत्री रामविचार नेताम को प्राप्त हुई थी। इसमें कहा गया कि गिलहरे को जून 2020 में नियम विरुद्ध पदोन्नति दी गई थी। यह पदोन्नति तत्कालीन सत्ता प्रशासन के समय कोरोना काल में की गई थी, और इसे नियमों का उल्लंघन माना गया। सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मिले दस्तावेजों के परीक्षण में पाया गया कि पदोन्नति प्रक्रिया में भारी अनियमितता और फर्जीवाड़ा किया गया। दस्तावेज़ों में बदलाव कर नियमों का उल्लंघन किया गया और स्टेनो को उच्च पद पर नियुक्त कराया गया। शासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया में संलिप्त सभी अधिकारी जवाबदेह होंगे, और आवश्यकता पड़ने पर सीबीआई जांच भी निर्देशित की जा सकती है।

# स्टेशन रोड पर गिरा 5 लाख का हीरो जड़ा ब्रेसलेट, पुलिस ने खोज निकाला



**रायपुर, 8 दिसम्बर।** राजधानी की गंज थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए रेलवे स्टेशन के पास गुम हुआ करीब 5 लाख रुपये की कीमत का सोने का रत्नजड़ित ब्रेसलेट बरामद कर लिया है। यह ब्रेसलेट एक ई-रिक्शा चालक को सड़क पर मिला था, जिसे पुलिस ने तकनीकी जांच और मुखबिरों की मदद से खोज निकाला। मिली जानकारी के अनुसार, स्टेशन रोड निवासी प्रीति लुणावत (60) ने 3 दिसंबर को थाना गंज के महिला हेल्प डेस्क में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उसी शाम उनकी ननद रश्मि जैन का 3 तोला वजनी सोने का ब्रेसलेट (जिसमें रत्न जड़े थे) रेलवे स्टेशन के पास कहीं गिर गया है। काफी तलाशने के बाद भी वह नहीं मिला।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। महिला प्रधान आरक्षक दुर्गा बघेल चौधरी के नेतृत्व में आरक्षक सौरभ यादव, अशोक राठौड़ और दिनेश वर्मा ने रेलवे स्टेशन के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। साथ ही ऑटो और ई-रिक्शा चालकों से पूछताछ की गई। कड़ी मशक्कत के बाद टीम को पता चला कि वह ब्रेसलेट एक ई-रिक्शा चालक को सड़क पर पड़ा मिला था। पुलिस ने उस चालक को ट्रैक किया और उससे पूछताछ की। चालक ने ब्रेसलेट मिलना स्वीकार किया और उसे पुलिस को सौंप दिया। प्रक्रिया पूरी बेशकीमती ब्रेसलेट प्रार्थिया प्रीति लुणावत को वापस कर दिया। अपना खोया हुआ गहना पाकर परिवार ने गंज पुलिस की तत्परता और ईमानदारी की जमकर तारीफ की।

# जमीन गाइडलाइन दरों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन





**रायपुर, 8 दिसम्बर।** नई जमीन गाइडलाइन दरों को लेकर राजधानी में कांग्रेस ने आज धरना प्रदर्शन किया। राजीव गांधी चौक पर कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता हाथों में तख्ती लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे थे। उनकी मांग है कि जब तक पूरी तरह से सरकार आदेश वापस नहीं लेगी तब तक अलग अलग तरीके से प्रदर्शन करेंगे.

विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि जमीन गाइडलाइन की रेट बढ़ाकर सरकार ने आमजनता को परेशान किया है, व्यापारी वर्ग भी इससे बेहद परेशान हैं. इसी वजह से हम लगातार सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं. गाइडलाइन दरों को लेकर आज एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, ताकि लोगों को राहत मिले. वहीं जमीन गाइडलाइन को लेकर सरकार के यू टर्न पर कहा कि सरकार ने तीन-चार बिंदुओं पर ही आदेश वापस लिया है. लोगों से शिकायत और सुझाव भी मांगे लेकिन यही चीज उन्होंने पहले क्यों नहीं किया जब रेट अचानक से जारी किए गए. विरोध के बाद उन्होंने पर संशोधन का निर्णय लिया जो गलत है.

कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने कहा कि सरकार हर बार यही करती है बिजली बिल को भी अचानक बढ़ा दिया गया लेकिन विरोध के बाद 200 यूनिट माफ किया गया. जमीन गाइडलाइन को लेकर भी यही स्थिति देखने को मिली. लोगों के विरोध के बाद सरकार ने यू टर्न लिया. आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा बिना सोचे समझे आदेश जारी करती है और विरोध के बाद पुनरीक्षण करने की जरूरत पड़ी. हम (कांग्रेस) लगातार इस पर आवाज उठाते रहेंगे, और जब तक पहले की तरह गाइडलाइन तय नहीं होंगे तब तक हम विरोध करते रहेंगे.

# धान खरीदी : पूरे प्रदेश में अव्यवस्था, सरकार बेफिक्र





**रायपुर, 8 दिसंबर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि धान खरीदी में पूरे प्रदेश में अव्यवस्था है किसान परेशान है सरकार बेफिक्र बनी हुई है ।किसानों टोकन नहीं कट पा रहा, तौलाई में दिक्कत हो रही, पंजीयन की समस्या यथावत बनी हुई है, आज भी 5 लाख किसान पंजीयन के लिए सोसायटी दफ्तर से ले कर तहसीलदार तक के चक्कर काट रहे। सरकार किसानों का धान तो खरीदना नहीं चाह रही भी सीमावर्ती प्रदेशों से सत्तारूढ़ दल के नेताओं के संरक्षण में बेतहाशा धान आ रहा और सोसायटियों में बिक भी रहा है। पूरी धान खरीदी की व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। मंझोले और छोटे किसान रोज सोसायटी में टोकन के लिये घूम रहे है। धान खरीदी के 20 दिन बाद भी सरकार व्यवस्था नही बना पायी है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार नहीं चाहती किसान के पूरे धान की खरीदी हो इसलिए एनआईसी द्वारा सोसायटियों के प्रतिदिन के लक्ष्य को घटा दिया है ।सोसा याटी अपनी क्षमता के अनुसार धान नहीं खरीद पा रही ।धान खरीदी के बाद किसानों को 3100 प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान भी नही किया जा रहा है। भाजपा ने वादा किया था धान बेचने के 24 घंटे के अंदर उसी ग्राम पंचायत में काऊंटर बनाकर किसनों एक मुश्त भुगतान किया जायेगा, लेकिन प्रदेश के किसी भी ग्राम में सरकार ने किसानों को एकमुश्त भुगतान के लिये काऊंटर नही बनाया और न ही पूरी रकम का भुगतान हो रहा अभी केवल समर्थन मूल्य के हिसाब से भुगतान की गणना की जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार ने अघोषित तौर पर 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी बंद कर दिया है। केवल 15 से 19 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी हो रही है। सरकार धान खरीदी के मामले में भी किसानों को परेशान कर रही है।

# स्कूलों में एक्स्ट्रा इंटेलिजेंस सुविधा शुरू



**रायपुर, 8 दिसम्बर।** भारत की अग्रणी एड-टेक कंपनियों में से एक, एक्स्ट्रामार्क्स एजुकेशन ने आज रायपुर में एक्स्ट्रा इंटेलिजेंस की शुरुआत की घोषणा की। यह एक नई और अत्याधुनिक तकनीक है, जिसे शिक्षकों को सशक्त बनाने, विद्यार्थियों की सीखने की रुचि बढ़ाने और क्लासरूम्स को इंटेलीजेंट व सहयोगात्मक लर्निंग स्पेस में बदलने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। एक्स्ट्रा इंटेलिजेंस के साथ, एक्स्ट्रामार्क्स देश की पहली ऐसी शिक्षा कंपनी बन गई है जिसने स्कूल इकोसिस्टम के हर स्तर पर एआई को सार्थक रूप से शामिल किया है, चाहे वह लेसन प्लानिंग हो, क्लासरूम टीचिंग हो, असेसमेंट हों या फिर आफ्टर-स्कूल लर्निंग।

इस अवसर पर टीचर एम्पावरमेंट एंड अपस्किलिंगः प्रिपेयरिंग एडुकेटर्स फॉर एआई-ड्रिवेन क्लासरूम्स विषय पर एक उच्च-स्तरीय पैनल चर्चा आयोजित की गई। इसमें राजीव गुप्ता (स्टेट प्रेसीडेंट, छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन), डॉ. संजय भट्टाचार्य (प्रिंसिपल, एमएम स्कूल), श्रीमती हेमाली सिंह (प्रिंसिपल, होली हार्ट्स एजुकेशनल एकेडमी), अभिनय सिंह (मैनेजिंग डायरेक्टर, ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल), मलय पंत (मॉडरेटर), और वेंकट फणीकिरण (चीफ एकेडमिक ऑफिसर, एक्स्ट्रामार्क्स एजुकेशन) ने अपने विचार साझा किए।

### छत्तीसगढ़ को मिले तीन नए आईएएस

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** संघ लोक सेवा आयोग 2024 के तहत चयनित भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसरों ने मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी और एडमिनिस्ट्रेशन में अपनी ट्रेनिंग पूरी कर ली है। इसके बाद चयनित 179 भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसरों को अलग-अलग कैडर अलॉट कर दिया गया है। 2024 की टॉपर शक्ति दुबे की तो उन्हें अपना होम कैडर उत्तर प्रदेश ही मिला है। इसी तरह दूसरी रैंक हासिल करने वाली हरियाणा की हर्षिता गोयल के गुजरात कैडर आवंटित हुआ है। छत्तीसगढ़ कैडर पाने वाले तीन अफसरों में तमिलनाडु के गोकुल आरके, तेलंगाना स्टेट के वाध्यता यशवनाथ और उत्तर प्रदेश के इशांत जायसवाल का नाम शामिल है।

# ओडिशा से अवैध रूप से लाया जा रहा 30 क्विंटल धान और वाहन जब्त



**रायपुर, 8 दिसम्बर।** धान के अवैध कारोबार पर सख्ती बरतते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही हैजिसके तहत शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और मंडी की संयुक्त टीम ने तहसील करपावंड के ग्राम धनपुर में गश्त के दौरान ओड़ीसा राज्य से अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे 30 क्विंटल धान सहित एक वाहन को जब्त कर लिया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनीष वर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि गश्त के दौरान टीम ने वाहन क्रमांक सीजी 17 केवाय 3158 को रोका। वाहन का चालक ओड़ीसा के थाना उमरकोट अंतर्गत ग्राम धारली निवासी प्रदीप साव था। वाहन की गहन जांच करने पर उसमें 60 बोरियों में भरा हुआ कुल 30 क्विंटल धान पाया गया। संयुक्त टीम ने जब चालक प्रदीप साव से इतनी बड़ी मात्रा में धान परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज़ों की मांग की, तो वह कोई भी मान्य कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया। वैध कागजातों के अभाव को देखते हुए संयुक्त टीम ने 30 क्विंटल धान और वाहन को जब्त कर लिया। आगे की वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जब्त किए गए धान और वाहन को थाना करपावंड के सुपुर्द कर दिया गया है। प्रशासन की इस सक्रियता और कार्रवाई से सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध तरीके से होने वाली धान की आवक पर प्रभावी रोक लगने की उम्मीद है।

# हत्या के बाद अपराध छुपाने शव को जला दिया



**भिलाई, 8 दिसम्बर।** उतई थाना क्षेत्र के पुरई गांव में महिला की धारदार हथियार से हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने आग लगा दी गई है। मृतका कौन और कहां की रहने वाली है, इसका पता नहीं चल पाया है फिलहाल पुलिस लाश को कब्जे में लेकर मृतका की पहचान करने में जुट गई है सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने पुरई गांव से होकर गुजरने वाली नहर के पास एक जली हुई शव को देखा इसकी सूचना उतई थाने पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल, एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा, पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा, उतई टीआई महेश ध्रुव सहित फोरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया। इस दौरान लाश के नजदीक महिला का चप्पल और एक धारदार हथियार पाया गया मृतका के शिनाख्तगी के लिए आसपास के गांव में जानकारी प्रसारित की जा रही है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि महिला की पहले धारदार हथियार से हत्या की गई होगी, उसके बाद सबूत मिटाने के इरादे से शव को आग के हवाले किया गया मौके पर फोरेंसिक टीम सबूत जुटाने में जुटी हुई है। पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि पुरई गांव के पास करगाडीह रोड पर नहर किनारे झाड़ियों के बीच जली हुई लाश मिलने की सूचना पर पुलिस पहुंची लाश के नजदीक महिला के पहनने वाली चप्पल और एक धारदार हथियार जब्त किया गया है। प्रथमदृष्टया यही लग रहा है कि महिला की धारदार हथियार से हत्या के बाद लाश को जलाया गया है फिलहाल पुलिस मृतका की पहचान सुनिश्चित करने में जुटी हुई है मृतका की पहचान होने पर आरोपियों तक पहुंचने में पुलिस को आसानी होगी।

**मौसम** पश्चिम की ओर से आ रही ठंडी हवाओं की वजह से बढ़ी ठिठुरन, छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड, अंबिकापुर सबसे ठंडा

# प्रदेश में और बढ़ेगी ठंड, 3 दिनों के लिए शीतलहर का अलर्ट



**रायपुर, 8 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर रखा है। पश्चिम से आ रही बर्फीली हवाओं की वजह से प्रदेश में ठिठुरन वाली ठंड पड़ रही है। वहीं, शीतलहर से कंपकपी बढ़ गई है। लोग राहत पाने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग ने तीन दिनों के लिए प्रदेश में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है।

#### तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे

छत्तीसगढ़ में तापमान तेजी से लुढ़क रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी प्रदेश में पारा सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे है। पठारी क्षेत्र मैनपाट, सामरीपाट और लहसुनपाट के पारा में तेजी से नीचे गिर रहा है।

#### अंबिकापुर सबसे ज्यादा ठंडा

24 घंटे में प्रदेश में अंबिकापुर सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, रायपुर 11.5 डिग्री सेल्सियस, पेंड्रा में 8.6 डिग्री सेल्सियस, दुर्ग में 9.2 डिग्री सेल्सियस, बिलासपुर में 10.5 डिग्री सेल्सियस और जगदलपुर 10.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में दर्ज किया गया।

#### शीतलहर का यलो अलर्ट

मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में 3 दिनों के लिए शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया है। आज प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर की वजह से कंपकंपी बढ़ सकती है। आज गौरेला-पेंड्रा-मारवाही, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कबीरधाम, मुंगेली, खैरागढ़ छुईखदान गंडाई, राजनांदगांव, बेमेतरा, रायपुर, दुर्ग, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, बालोद और कोरबा में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है।

#### तापमान में होगी गिरावट

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अभी तापमान में और गिरावट आएगी। यानी ठंड अभी लोगों को सताएगी। कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। वहीं, ठंड के कहर को देखते हुए अलग-अलग जिलों में नगर निगम की टीम भी मुस्तैद हो गई है। लोगों को राहत देने के लिए शहरों के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26